# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 9 दिसंबर 2024





तेलगांना पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए मार डाला

## पति के सामने जनअदालत में नक्सलियों ने पत्नी का गला घोंटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर



- बीच बचाव करने पहुंचे पति की जमकर पिटाई

शनिवार को आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या को 24 घंटे नहीं बीते हैं कि नक्सलियों ने फिर एक महिला को उसके पति के सामने ही गला घोटकर मार डाला। महिला पर तेलगांना की ग्रे-हाउंड्स फोर्स के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए जन अदालत में मौत की सजा देने की बात मद्देड़ एरिया कमेटी ने स्वीकार की है।

जानकारी के मुताबिक मामला बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र के लोदेड गांव का है। शनिवार की सुबह 8 बजे नक्सलियों ने महिला सुकरा यालम ▶▶| शेष पेज 4 पर

### चार दिनों में चार हत्याएं

गौरतलब है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का दो दिवसीय बस्तर प्रवास की तिथि जारी कर दी गई है। अमित शाह के दौरे के पहले नक्सली दहशत फैला रहे हैं। बीजापुर में चार दिनों के अंदर दो महिला समेत चार लोगों की हत्याएं कर चुके हैं। बुधवार को दो पूर्व सरपंच सुकलु फरसा व सुखराम अवलम को मौत के घाट उतारा गया था। वहीं शुक्रवार की रात को आंगनबाड़ी सहायिका लक्ष्मी पद्दम पति जगदीश पद्दम की उसके बेटे के सामने हत्या कर दी गई थी। अब बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र में ही महिला को उसके पति के सामने ही जनअदालत लगाकर हत्या कर दी गई।

### 7 नक्सली मारे गए थे

नक्सलियों ने पर्चा फेंककर आरोप लगाया है कि इन लोगों ने तेलंगाना पुलिस की मुखबिरी की थी। जिसकी वजह से उनके 7 नक्सली साथी मारे गए थे। एसपी जितेन्द्र यादव ने बताया कि नक्सलियों की मद्देड़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है। जिसमें नक्सलियों ने आरोप लगाया है कि उनके मूवमेंट की सूचना पुलिस को लगातार दी जा रही थी। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## नए डीजीपी के चयन के लिए भेजा तीन नामों का पैनल

### पवनदेव, गौतम और गुप्ता के नाम शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ पुलिस के अगले डीजीपी चयन की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में तीन नामों का पैनल यूपीएससी दिल्ली भेजा गया है। राज्य में इस पद के दावेदारों में तीन संभावित नामों की चर्चा लंबे समय है, वहीं तीन नाम पैनल में रखे गए हैं। इनमें पवनदेव (1992), अरूणदेव गौतम(1992) और हिमांशु गुप्ता (1994 बैच) ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अब तीन दावेदारों के नाम पर होगा विचार

गृह विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, नए डीजीपी के लिए तीन नामों का पैनल एक हफ्ते पहले यूपीएससी दिल्ली को भेजा गया है। तीन नामों के इस पैनल में शामिल पवन देव, अरूण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नाम पर विचार किया जाएगा। इसके बाद परफॉर्मेंस के आधार पर किसी एक नाम पर सहमति बनेगी। अगर इन तीनों में से कोई नाम उपयुक्त नहीं पाया गया तो यूपीएससी नए नाम भी बुला सकती है।

राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा भर्ती घोटाला

## पीएससी घोटाले में सीबीआई ने पूर्व परीक्षा नियंत्रक को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक को सीबीआई ने रविवार को हिरासत में ले लिया। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई सोमवार को आरती को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश कर पूछताछ करने रिमांड पर ले सकती है। गौरतलब है कि राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा में पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी, स्टील कारोबारी श्रवण गोयल के बाद सीबीआई की यह तीसरी बड़ी गिरफ्तारी है। तीन दिन पूर्व सीबीआई के अफसर आरती वासनिक के राजनांदगांव स्थित निवास में पड़ताल करने पहुंचे थे। सूत्रों के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### यह है पूरा मामला

राज्य लोक सेवा भर्ती परीक्षा में वर्ष 2019 से लेकर 2022 के बीच कुछ चुनिंदा अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है। इस संबंध में पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर की है। इसके अलावा अर्जुंदा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पूरे मामले की जांच ईओडब्लू अलग से कर रही है। वर्ष 2020 में 175 तथा वर्ष 2021 में 171 पदों की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप है। आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी ने अपने रिश्तेदारों समेत कांग्रेसी नेता और ब्यूरोक्रेट्स के बच्चों की नौकरी लगवाई है।

### वर्ष 2021 में हुई थी भर्ती परीक्षा

वर्ष 2021 में राज्य लोक सेवा आयोग ने 171 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। प्री-एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया। इसमें 2 हजार 565 परीक्षार्थी पास हुए थे। इसके बाद 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को हुई मेंस परीक्षा में 509 अभ्यर्थी पास हुए। इंटरव्यू के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यर्थियों की सिलेक्शन लिस्ट जारी हुई।

## 13 को आएंगे नड्डा, साय सरकार के पहले साल का जारी करेंगे रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- भाजपा संगठन और सरकार तैयारियों में जुटी, सभी मंत्रियों से मांगा गया उपलब्धियों का ब्योरा


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में मौजूद रहेंगे। विष्णुदेव साय सरकार के एक साल पूरे होने पर वे रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। श्री नड्डा के दौरे का देखते हुए प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मंत्रियों से उनके द्वारा किए गए कार्यों का पूरा ब्यौरा लिया जा रहा है। रिपोर्ट कार्ड में सभी विभागों की उपलब्धियों का जिक्र होगा। उल्लेखनीय है कि विष्णुदेव साय ने 13 दिसंबर को बतौर मुख्यमंत्री शपथ ली थी। एक साल पूरा होने पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने सरकार के कामकाज की समीक्षा करने का निर्णय लिया है, उसी के तहत श्री ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 15 को बस्तर आएंगे शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 15 दिसंबर को बस्तर दौरे पर रहेंगे। साय सरकार के एक साल के कार्यकाल के दौरान नक्सल मोर्चे पर किए कार्यों की समीक्षा करेंगे। श्री शाह ने मार्च 2026 में नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का ऐलान किया था। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मोदी की गारंटी पर फोकस

प्रदेश सरकार बनने के बाद चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो घोषणाएं की थी उसे पूरा करने के संबंध में फोकस किया जा रहा है। अब तक छत्तीसगढ़ सरकार ने जो मोदी गारंटी पूरी की है उनमें राज्य में 3100 रुपये के समर्थन मूल्य में धान की खरीदी होगी। एक एकड़ में 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। 18 लाख लोगों के लिए आवास योजना को मंजूरी दी गई थी। महतारी वंदन योजना के तहत राज्य की विवाहित महिलाओं को 1 हजार रुपये हर महीने दिए जाएंगे। योजना के तहत राज्य की 70 लाख ▶▶| शेष पेज 4 पर



अबु मोहम्मद अल-जुलानी ने संभाली थी बगावत की कमान

# अलकायदा में रह चुका है सीरिया में तख्ता पलटने वाला विद्रोही

## राष्ट्रपति असद के 24 साल पुराने शासन का कर दिया अंत, अल-बगदादी के साथ भी काम किया है जुलानी ने

एजेंसी ▶▶| दमिश्क

सीरिया में पिछले हफ्ते हालात अचानक बदल गए। इसके बाद देखते ही देखते विद्रोहियों ने दमिश्क पर कब्जा कर लिया और राष्ट्रपति बशर अल-असद के 24 साल के लंबे शासन का अंत कर दिया। इस अभियान की कमान संभालने वाले शख्स हैं अबु मोहम्मद अल-जुलानी. जुलानी का नाम पहले भी काफी सुर्खियों में रहा है। वो 1982 में सऊदी अरब में पैदा हुए। उनके पिता पेट्रोलियम इंजीनियर थे। बचपन में सात साल तक सऊदी अरब में रहे, फिर उनका परिवार सीरिया लौट आया। जुलानी ने 2003 में अल-कायदा जॉइन किया। उस वक्त अमेरिका ने इराक पर हमला किया था। फिर 2011 में उन्होंने अपना एक अलग ग्रुप बनाया, जिसे जबहात अल-नुसरा कहा गया। बाद में यही ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) बन गया।

### आईएसआईएस से अलग होने की कहानी

जुलानी ने अल-कायदा में रहते हुए अबु बक्र अल-बगदादी के साथ भी काम किया। लेकिन 2013 में उन्होंने आईएसआईएस से अलग होने का ऐलान कर दिया। इसके बाद उन्होंने आईएसआईएस के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

### एचटीएस और जुलानी की नई पहचान

2018 में अमेरिका ने एचटीएस को आतंकी संगठन घोषित कर दिया और जुलानी पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा। लेकिन जुलानी ने अपनी छवि बदलने की कोशिश की। उन्होंने इंटरव्यू में कहा कि उनका मकसद निर्दोष लोगों को मारना नहीं है। सीरिया के इदलिब प्रांत में एचटीएस ने अपनी पकड़ बनाई और एक सिविल एडमिनिस्ट्रेशन 'सेल्वेशन गवर्नमेंट' शुरू की। जुलानी का कहना है कि वो सीरिया में ऐसी सरकार चाहते हैं, जहां जनता अपने नेता चुन सके।



### अब आगे क्या?

दमिश्क पर कब्जे के बाद अब जुलानी एचटीएस को एक वैध और मजबूत प्रशासनिक इकाई के तौर पर पेश करना चाहते हैं। वो चाहते हैं कि दुनिया उनके संगठन को आतंकवाद से जोड़कर न देखे, बल्कि सीरिया के भविष्य में एक अहम भूमिका निभाने वाला मानें। क्या जुलानी सीरिया की तस्वीर बदल पाएंगे? ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। आपको बता दें कि सीरिया में बशर अल-असद के 24 साल के शासन और 13 साल से चल रहे गृह युद्ध का अंत हो गया है। देश की राजधानी पर अब हयात अल-शाम का कब्जा है। विद्रोही समूह के लड़ाकों ने महज 10 दिनों में ही दमिश्क फतह कर लिया। विद्रोही ने इसके बाद ऐलान किया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता का हस्तांतरण चाहते हैं, और तब तक प्रधानमंत्री को कुर्सी पर बने रहने के लिए कहा है।

### 2,000 सीरियाई सैनिकों ने इराक से मांगी शरण

दमिश्क। सीरिया के गृह युद्ध में विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए लगभग 2,000 सीरियाई सैनिकों ने इराक से शरण मांगी और इराक में प्रवेश किया। यह कदम सीरियाई सरकार के साथ समझौते के तहत उठाया गया है। ईराक सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इन सैनिकों को उनके उपकरणों सहित इराकी धरती पर आने की अनुमति दी गई है। यह कदम सीरियाई सरकार के साथ समझौते के तहत उठाया गया है। इराक ने सीरिया के साथ अपनी सीमाएँ बंद कर दी हैं, केवल अपने नागरिकों को पार करने की अनुमति दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### सर्वसम्मति से चुना जाएगा 'इंडिया' गठबंधन का नेता



**कोलकाता।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी समेत कोई भी वरिष्ठ नेता 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व कर सकता है, इसपर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, हालांकि फैसला सर्वसम्मति से लिया जाना चाहिए। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने शहर के हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, 'इंडिया गठबंधन ने इस मामले पर विचार नहीं किया है और सभी पक्षों के साथ चर्चा होनी है।'

### पाकिस्तान : आतंकी हमलों में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत



**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग आतंकी हमलों में कम से कम तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी सरदार रिंद ने बताया कि आतंकवादियों ने शनिवार को डुकी जिले में एक कोयला खदान के पास एक जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें फ्रंटियर कोर के दो सैनिक मारे गए और तीन अन्य जवान घायल हो।

### पंजाब : पांच नगर निगम के लिए 21 को मतदान

**चंडीगढ़।** पंजाब में पांच नगर निगमों और 44 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए 21 दिसंबर को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोग के मुताबिक नगर निकाय चुनावों के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त राज कमल चौधरी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि पांच नगर निगमों और 44 नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान 21 दिसंबर को सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। उन्होंने बताया, 'आज से आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी।'

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हिंसा का देशभर में विरोध

# कोलकाता में ढाका की जामदानी साड़ियों को जलाया, दिल्ली में भी सड़कों पर उतरे लोग

## हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने सरकार से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई और वहां पर रह रहे हिंदुओं पर लगातार उत्पीड़न प्रताड़ना और हिंसा के विरोध में भारत में लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। रविवार को कोलकाता में जमकर प्रदर्शन किया गया। दोपहर को साल्ट लेक में कोलकाता-ढाका अंतर्राष्ट्रीय बस टर्मिनस पर बंगाली हिंदू संरक्षण संघ ने पारंपरिक बांग्लादेशी जामदानी साड़ियों को जलाया। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने करुणामयी बस स्टैंड पर खड़ी बांग्लादेश जाने वाली बसों के आसपास विरोध प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों का विरोध करते हुए रविवार को कोलकाता में प्रदर्शन किया गया, जिसमें ढाकाई जामदानी साड़ियों को जलाया गया। बंगाली हिंदू सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित यह प्रदर्शन साल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस पर हुआ। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी सामानों के बहिष्कार का आह्वान किया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे तो भारतीय चुप नहीं बैठेंगे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश के साथ कूटनीतिक रूप से बातचीत करने का आग्रह किया।

**नोएडा-गाजियाबाद में भी प्रोटेस्ट**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हिंसा को लेकर नोएडा-गाजियाबाद में हिंदू संगठन विरोध में उतर आए हैं। नोएडा में यह विरोध प्रदर्शन सेक्टर-33 इस्कॉन टेंपल के पीछे ग्राउंड में किया गया। सांसद महेश शर्मा भी इसमें शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन में हिन्दू संगठनों के सीनियर नेता भी मौजूद हैं। साथ ही साधु संत भी विरोध प्रदर्शन में पहुंचे हैं।

### ये है मामला

गौरतलब है, हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद से पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनके मंदिरों को निशाना बनाया गया है। चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रमुख नेता और इस्कॉन चटगांव के पुंडरीक धाम के अध्यक्ष हैं। वे हालिया अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रहे तो उन्हें पिछले दिनों देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दुनियाभर में इस कदम को लोकतंत्र विरोधी माना गया और इसकी आलोचना की जा रही है। बता दें किबांग्लादेश में इस्कॉन के 77 से ज्यादा मंदिर हैं, और लगभग 50 हजार से ज्यादा लोग इस संगठन से जुड़े हुए हैं।

### 'भारत ने चटगांव मांगा तो बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे'

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने रविवार को इंडियन हाई कमीशन के सामने भारत के विरोध में लॉन्ग मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया।

■ ढाका में इंडियन हाई कमीशन के सामने विरोध-प्रदर्शन

इसके बाद बीएनपी के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई। बीएनपी के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने इस दौरान भारत विरोधी बयान दिए। रिजवी ने कहा- अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे।

# 'जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के संगठन से जुड़ी हैं सोनिया'

## भाजपा का आरोप- देश के विकास को रोकना साझा लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस के रिश्तों को लेकर भाजपा ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। भाजपा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट करके कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित एक संगठन से संबंध है। भाजपा ने कहा कि यह संगठन भारत विरोधी और अलगाववाद का समर्थक है। भाजपा ने कहा कि फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित संगठन से जुड़ी हुई हैं। एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट में भाजपा ने सोनिया गांधी, कांग्रेस के खिलाफ कई आरोप लगाए। भाजपा ने दावा किया कि फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) कश्मीर को लेकर विवादित बयान दिए है। भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि सोनिया और जॉर्ज सोरोस का यह जुड़ाव भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी संस्थाओं के प्रभाव को दिखाता है। साथ ही दोनों का यह जुड़ाव भारत के विकास को रोकने और बाधित करने के संयुक्त उद्देश्य को भी दिखाता है।

### सोरोस पर लगते हैं यह आरोप

अमेरिकी अरबपति-परोपकारी जॉर्ज सोरोस पर आरोप लगाया जाता है कि वे राजनीति को आकार देने और सत्ता परिवर्तन के लिए अपने धन और प्रभाव का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने 2020 में राष्ट्रवाद के प्रसार से निपटने के लिए एक नए विश्वविद्यालय नेटवर्क को एक बिलियन डॉलर की आर्थिक मदद देने का एलान किया था। जॉर्ज सोरोस को बैंक ऑफ इंग्लैंड को बर्बाद करने वाले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है।

केरल हाई कोर्ट ने याचिका की खारिज

# 'यूट्यूब को वीडियो हटाने के लिए मजबूर नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶| कोच्चि



केरल हाई कोर्ट ने हाल ही में दायर की गई उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें यूट्यूब से वीडियो हटाने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि यूट्यूब को मार्थोमा चर्च और उसके बिशप को निशाना बनाने वाले कथित रूप से अपमानजनक वीडियो को हटाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस टीआर रवि ने श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आईटी अधिनियम 2000 की धारा 79 के अनुरूप यूट्यूब जैसे मध्यस्थों को कोर्ट के आदेश या सरकारी निर्देश के बिना सामग्री हटाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी संख्या 6 और 7 (यूट्यूब) के खिलाफ कथित आपत्तिजनक वीडियो को हटाने के लिए निर्देश तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि कोर्ट की ओर से कोई आदेश न मिल जाए कि संबंधित सामग्री अपमानजनक है। याचिकाकर्ता अनीश के. थंकाचन ने ' आई2आई न्यूज ' नामक चैनल द्वारा यूट्यूब पर अपलोड किए गए कथित अपमानजनक वीडियो से उत्पन्न शिकायतों के निवारण की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### यह बताई वजह

कोर्ट ने आईटी अधिनियम की धारा 69ए पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामग्री को अवरुद्ध करना तभी स्वीकार्य है जब इसमें भारत की संप्रभुता, सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था का उल्लंघन शामिल हो। कोर्ट ने यह आरोप लगाने के अलावा कि सामग्री मानहानिकारक है, ऐसा कोई विशेष आरोप नहीं है कि यह भारत की संप्रभुता और अखंडता आदि जैसे पूर्वोक्त पहलुओं से संबंधित किसी संज्ञेय अपराध के लिए उकसाने के बराबर है।

# वक्फ बोर्ड ने किसानों की 300 एकड़ जमीन पर ठोका दावा

## महाराष्ट्र : 103 लोगों को भेजा नोटिस, हड़कंप



.महाराष्ट्र के लातूर जिले में 100 से अधिक किसानों ने दावा किया कि वक्फ बोर्ड उनकी उस जमीन हड़पने का प्रयास कर रहा है, जिस पर वे कई पीढ़ियों से खेती करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह दावा छत्रपति संभाजीनगर स्थित महाराष्ट्र राज्य वक्फ अधिकरण में दायर किया गया है और कुल 300 एकड़ जमीन रखने वाले 103 किसानों को नोटिस जारी किए गए हैं। किसानों में से एक तुकाराम कनवटे ने बताया, 'ये जमीनें पीढ़ियों से हमें विरासत में मिली हैं। ये वक्फ संपत्ति नहीं हैं। हम चाहते हैं कि महाराष्ट्र सरकार हमें न्याय दे। इस मामले पर अदालत में दो सुनवाई हो चुकी हैं और अगली सुनवाई 20 दिसंबर को है। केंद्र सरकार ने इस साल 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया था, ताकि वक्फ बोर्ड के कामकाज को सुव्यवस्थित किया जा सके और इसकी संपत्तियों का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके. विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है।

### वक्फ बोर्ड कैसे बनता और काम करता है

वक्फ के पास काफी संपत्ति है, जिसका रखरखाव ठीक से हो सके और धर्मार्थ ही काम आए, इसके लिए स्थानीय से लेकर बड़े स्तर पर कई बॉडीज हैं, जिन्हें वक्फ बोर्ड कहते हैं। तकरीबन हर स्टेट में सुन्नी और शिया वक्फ हैं। इनका काम उस संपत्ति की देखभाल, और उसकी आय का सही इस्तेमाल है। इस संपत्ति से गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना, मस्जिद या अन्य धार्मिक संस्थान को बनाए रखना, शिक्षा की व्यवस्था करना और अन्य धर्म के कार्यों के लिए पैसे देने संबंधी चीजें शामिल हैं। सेंटर ने वक्फ बोर्डों के साथ तालमेल के लिए सेंट्रल वक्फ काउंसिल बनाया हुआ है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

आरोपी ने सीढ़ियों पर पीछे से गोली मारी

# कनाडा में 20 साल के भारतीय छात्र की बेरहमी से हत्या



एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

कनाडा में एक 20 साल के भारतीय छात्र की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मृतक हर्षनदीप सिंह पंजाब के रहने वाले थे। वह कनाडा के एडमोंटन शहर में बतौर सिक्योरिटी गार्ड काम करते थे। हर्षनदीप की हत्या सीसीटीवी में कैद हो गई थी, इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना बीते 6 दिसंबर को एडमोंटन की है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि हर्षनदीप सिंह को एक अपार्टमेंट की सीढ़ियों के रास्ते भागने की कोशिश करते समय पीछे से गोली मारी गई। जिस शख्स ने हर्षनदीप पर गोली चलाई, उसके अलावा एक लड़का और एक महिला भी मौके पर मौजूद थी। जब हर्षनदीप ने भागने की कोशिश की तो महिला ने पीछे से पकड़कर उसे रोकना चाहा। इसके ठीक बाद हमलावर ने हर्षनदीप पर गोली चला दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हर्षनदीप कनाडा में पढ़ाई के अलावा अपना खर्च चलाने के लिए सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी करते थे। हर्षनदीप की हत्या के मामले में इवान रेन और ज्यूडिथ सॉल्टो नाम के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों की उम्र 30 साल बताई जा रही है।

### कनाडा में हत्याओं की तीन कैटेगरी

हर्षनदीप की हत्या करने वाले आरोपियों पर फर्स्ट डिग्री मर्डर का आरोप लगाया गया है। कनाडा जैसे कई देशों में हत्याओं को कई कैटेगरी में रखा जाता है। सुनियोजित हत्या या एक से ज्यादा लोगों की हत्या के मामलों को फर्स्ट डिग्री मर्डर की कैटेगरी में रखा जाता है। इसमें आरोप साबित होने पर मृत्युदंड या बिना पेरोल के आजीवन कारावास की सजा मिलती है। इसी तरह लूट और डकैती के दौरान की जाने वाली हत्याओं को सेकंड-डिग्री मर्डर माना जाता है। इसमें आजीवन कारावास की सजा मिलती है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर, सोमवार 9 दिसंबर 2024 | अगहन शुक्ल पक्ष अष्टमी | वर्ष: 23, अंक: 143 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



बदले मौसम की वजह से टमाटर पूरी तरह लाल हो गए हैं। जिसकी वजह से किसान टमाटर इस तरह रख रहे हैं।

## दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर में बदली और बारिश ने बदले हालात

### 4.99 लाख हेक्टयेर में हो रही है सब्जी की पैदावारी

दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर में साग-सब्जियों का उत्पादन 4.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हो रहा है। जिसमें सब्जियों की पैदावारी 68 लाख 92 हजार 500 मिट्रिक टन होती है।अकेले दुर्ग जिले में ही इस साल साग-सब्जी 7923.3828 हेक्टेयर में लिया गया है। जिसमें 380280 मिट्रिक टन टमाटर उत्पादन होता है। छत्तीसगढ़ में सबज़ियों की खेती के लिए प्रसिद्ध ज़िलों में दुर्ग, रायपुर, और बिलासपुर शामिल हैं। राज्यभर में टमाटर, फूल गोभी, बंद गोभी, सेमी, नवलगोल, भाटा, मिर्ची, धनिया, पालक, लाल भाजी, मेथी भाजी, सरसों आदि सब्जियों की खेती हो रही है।

### मौसम की मार से ये तीन समस्याएं बढ़ीं

मौसम की मार से प्रदेशभर के सब्जी उत्पादक किसानों को तीन तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। धमधा पथरिया के किसान लीमन साहू, केशडबरी के किसान प्रकाश लोधी, नगपुरा के किसान पंकज भाई, गनियारी के किसान टेकन साहू, धोठा के किसान रामाधार, डोमा पथरिया के किसान संदीप सोलंकी आदि बताते हैं कि बदली और बारिश की वजह से टमाटर, फूल गोभी, मिर्ची सहित अन्य साग सब्जियां प्री मेच्योर हो गई है। इससे जो सब्जी दो से तीन दिन बाद तैयार होती, वह पहले तैयार हो रही है। खासकर टमाटर तो एक साथ पकने लगे हैं। दूसरा सब्जियों में मौसम की वजह से फंगल इंफेक्शन, वायरस व बैक्टीरिया की मार पड़ रही है। तीसरा मंडियों में सभी बाड़ियों से बड़े पैमाने पर सब्जियों की आवक होने से दाम काफी नीचे आने लगे हैं।

खास खबर

# मौसम बदला, टमाटर हुए लाल, थोक में रेट धड़ाम, पर चिल्हर में लूट

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

मौसम की मार का असर सब्जी उत्पादन पर खासा पड़ने लगा है। पिछले तीन दिनों की बदली और बारिश ने दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर के सब्जी उत्पादक किसानों को चिंता में डाल दिया है। टमाटर, गोभी, सहित साग-सब्जियों के दाम थोक में औंधे मुंह गिरे हैं। सब्जी के दाम आधे हो गए हैं। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो मौसम की स्थिति आने वाले दिनों में यही रही तो सब्जियों का ग्रोथ तेजी से होगा और बड़ी मात्रा में लोकल बाड़ियों से सब्जिया मार्केट में पहुंचेगी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मौसम का असर

मौसम में बदलाव आने की वजह से टमाटर व अन्य सब्जियां जल्दी तैयार हो रही हैं। कभी बदली, कभी बारिश तो कभी धूप जैसा मौसम सब्जियों के अनुकूल नहीं होता। फसलों पर कीट- व्याधि आने लगती है।

- पूजा साहू, उप संचालक उद्यानिकी विभाग

### आधे दाम पर बेच रहे

पिछले तीन-चार दिनों की मौसम का खासा असर सब्जी उत्पादक किसानों पर पड़ा है। टमाटर, गोभी, बैगन से लेकर सभी तरह की सब्जियां जल्दी तैयार हो रही है। जिससे मंडी में खपत की तुलना में आवक बढ़ गई है। किसान तीन दिन पहले के आधे दाम पर सब्जी बेचने मजबूर हैं।

- झबेंद्र भूषण वैष्णव, महासचिव छग प्रगतिशील किसान संगठन

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फ्लॉप संडे, भारत की तीनों राष्ट्रीय टीमें हारीं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के लिए रविवार का दिन खराब रहा। उसकी तीनों राष्ट्रीय टीमों सीनियर पुरुष, महिला और अंडर-19 पुरुष टीम को अपने-अपने मैचों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

### 'पुष्पा 2' की कमाई 500 करोड़ रुपए पार



**नई दिल्ली।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। 'मैत्री मूवी मेकर्स' ने दावा किया कि 'पुष्पा 2' सबसे तेजी से इस आंकड़े को छूने वाली भारतीय फिल्म बन गई है।

### स्कूली बस पलटने से तीन बच्चियों की मौत



**जयपुर।** राजसमंद जिले में बस के पलट जाने से तीन स्कूली बच्चियों की मौत हो गई। हादसे में 25 अन्य बच्चे घायल हो गए। मृतकों में प्रीति (12), आरती (13) और अनीता (14) हैं। आमेट के महात्मा गांधी स्कूल के विद्यार्थी बस से पिकनिक के लिये देसूरी (पाली) में परशुराम महादेव मंदिर जा रहे थे।

### 1.4 करोड़ की हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने करीब 1.4 करोड़ रुपए की कीमत की हेरोइन जब्त की और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर विशेष कार्य बल ने बसिस्था थाना क्षेत्र के बालूघाट में छापेमारी की। एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया।

## पंजाब के किसानों का दिल्ली कूच टला, आठ किसान घायल

# किसानों पर पुलिस ने पहले बरसाए फूल, फिर दागे आंसू गैस के गोले

**किसान बोले- पानी में केमिकल मिला था, कई की तबीयत बिगड़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब-हरियाणा सीमा पर 101 किसानों के एक जत्थे ने रविवार को शंभू विरोध स्थल से दिल्ली के लिए अपना पैदल मार्च फिर से शुरू किया लेकिन हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों की ओर से लगाए गए बहुस्तरीय अवरोधकों के कारण वे आगे नहीं बढ़ सके। प्रदर्शनकारी किसानों के अवरोधकों के पास पहुंचने पर उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पानी की बौछारें की गईं। अंबाला पुलिस ने कहा था कि किसान संगठनों को दिल्ली प्रशासन से अनुमति लेने के बाद ही दिल्ली कूच करना चाहिए। 'मरजीवरा' (किसी उद्देश्य के लिए मरने को तैयार व्यक्ति) नामक यह समूह फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों के लिए मार्च कर रहा था लेकिन उन्हें कुछ मीटर दूर ही रोक दिया गया। ▶▶|शेष पेज 4 पर



*पंजाब के किसानों का दिल्ली कूच एक बार फिर टल गया। किसानों ने रविवार को दूसरी बार शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच करने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी के पुल पर रोक लिया। प्रदर्शनकारियों को रोकने पुलिस ने पहले फूल बरसाए, फिर आंसू गैस के गोले और वाटर केनन का इस्तेमाल किया। इस दौरान 8 किसान घायल हो गए। इस बीच, यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया।*

### किसानों की क्या हैं मांगें

- न्यूनतम समर्थन मूल्य और कर्ज माफी
- किसानों एवं खेत मजदूरों के लिए पेंशन
- बिजली दरों में बढ़ोतरी को कम करें
- लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय'
- भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने
- पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा

### आज फिर रणनीति बनाएंगे किसान

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि अब सोमवार को बैठक के बाद आगे जाने को लेकर फैसला होगा। इसमें तय किया जाएगा कि जत्था कब आगे भेजना है। पंधेर ने कहा कि आज भी 7-8 किसान घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या तो उनकी मांगों का समाधान करें या उन्हें दिल्ली जाने की इजाजत दें।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

शंभू बॉर्डर और पंजाब के दूसरे हाईवे खोलने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल हुई है। जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली बेंच सोमवार को इस पर सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता ने कहा है कि आंदोलन के चलते बॉर्डर बंद है।

# जिस कमरे के बनाए थे नायक उसी में छात्र फंदे पर झूला

**पोटाकेबिन के छात्र ने की आत्महत्या**

- सुसाइट नोट में लिखा, अपने हाथ व कागज में लिखी मन की बात, भगवान से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भांसी पोटाकेबिन में आठवीं के छात्र ने छात्रावास के खाली रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृत बालक कुंदेली गांव का रहने वाला था। उसका नाम घासीराम बरसा है। वह भांसी पोटा केबिन में रहकर आठवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था।

जानकारी के मुताबिक छात्रावास में एक रूम है, जिन बच्चों की तबियत खराब रहती है, वहां उन बच्चों को अलग से रखा जाता है, ताकि बाकी बच्चे इनके संपर्क में ना आने पाए। अन्य बच्चों को उनसे ▶▶|शेष पेज 4 पर

### परिजनों के पहुंचने से पहले शव वाहन में

कुंदेली गांव के लोग व मृत बालक के परिजनों ने कहा हम अपने बच्चे को पढ़ने भेजे थे, लेकिन शव देखना पड़ रहा है। कुछ समझ नहीं आ रहा है। सूचना मिलने पर जब भांसी पहुंचे तो शव को उतार कर गाड़ी में डाल दिये थे। दंतेवाड़ा पीएम करवाने भेज रहे थे। हम तो स्कूल में अपने बच्चे को देख भी नहीं पाए।

**किसी की शिकायत नहीं:** बालक के हाथ में सुसाइड नोट लिखा पाया गया है, लेकिन कुछ समझ में नहीं आ रहा है। जेब से कई लेटर मिले हैं, उसमें अपनी मन की बात लिखी है। भगवान से कुछ बातों को लेकर शिकायत भी की है। ओम नमः शिवाय तथा गायत्री मंत्र लिखा पाया गया है। किसी के बारे में या अपनी मौत के बारे में लिखा नहीं है।

# अब सीरिया में तख्ता पलट



**राष्ट्रपति असद पहुंचे रूस, पुतिन ने दी राजनीतिक शरण**

### जुलानी ने संभाली थी कमान

राष्ट्रपति बशर अल-असद के लंबे शासन का अंत हो गया। इस अभियान की कमान संभालने वाले शख्स हैं अबु मोहम्मद अल-जुलानी। जुलानी का नाम पहले भी काफी सुर्खियों में रहा है।

एजेंसी ▶▶| बेरूत

सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोही घुस आए। राष्ट्रपति भवन के पास भीषण लड़ाई देखी गई। राष्ट्रपति बशर-अल असद के देश छोड़कर भागने संबंधी दावों के बीच सरकार गिरने के साथ ही असद परिवार के 50 साल के शासन का अप्रत्याशित अंत हो गया। लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। सीरिया में विद्रोही गुट ने कब्जे का ऐलान किया है। इधर, ऐसी खबर है कि सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद रूस पहुंच गए हैं। पुतिन ने उन्हें शरण दी है। इससे पहले ऐसी खबरें सामने आई थी कि दमिश्क से भागने की कोशिश के दौरान उनका विमान क्रैश हो गया ▶▶|शेष पेज 4 पर

### चौकियां छोड़कर भागे सैनिक और अफसर



सैनिक और पुलिस अधिकारी अपनी चौकियां छोड़कर भाग गए। विद्रोही रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय में घुस गए। दमिश्क के वीडियो में कुछ परिवार राष्ट्रपति भवन में घूमते दिखे और कुछ लोग प्लेट एवं अन्य घरेलू सामान लेकर निकलते नजर आए। विपक्ष से जुड़े मीडिया पर प्रसारित फुटेज में राजधानी के केंद्र में स्थित एक चौराहे पर एक टैंक और लोगों का एक छोटा समूह जश्न मनाने के लिए एकत्र हुआ नजर आ रहा है।

### सीरिया में सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित

भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सीरिया में सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। भारतीय दूतावास दमिश्क में पूरी तरह से सक्रिय है और सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है। दूतावास ने भी यह बताया है कि वह भारतीय नागरिकों की मदद के लिए उपलब्ध है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने सीरिया में भारतीय नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की और कहा कि जो लोग वहां से निकल सकते हैं, वे जल्द से जल्द उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों की मदद से बाहर निकल आएं।

## गृहमंत्री शाह ने बीएसएफ के स्थापना दिवस पर किया ऐलान

# सीमा की सुरक्षा के लिए बनेगी एंटी ड्रोन यूनिट

एजेंसी ▶▶| जोधपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए जल्द ही एक बृहद ड्रोन रोधी इकाई का गठन करेगा, क्योंकि आने वाले दिनों में मानव रहित यानों का खतरा गंभीर होने वाला है। भारत-पाकिस्तान सीमा से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित बीएसएफ के प्रशिक्षण शिविर में बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह में जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 'लेजर युक्त ड्रोन रोधी गन-माउंटेड' तंत्र के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शाह बोले- मानव रहित विमानों का बढ़ेगा खतरा

#### पाक सीमा पर मार गिराए 260 ड्रोन

आधिकारिक आंकड़े के अनुसार पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा से लगे इलाके में इस वर्ष 260 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए या बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा करीब 110 ड्रोन का था। हथियार और नशीले पदार्थ ले जाने में ड्रोन के इस्तेमाल की सबसे अधिक घटनाएं पंजाब में हुई हैं, जबकि राजस्थान और जम्मू में कुछ घटनाएं हुई हैं।



#### केंद्र सरकार का बड़ा बजट

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने भारत की सीमाओं को मजबूत करने के लिए बड़ा बजट मंजूर किया है जिसमें बाड़ लगाना, सीमावर्ती बुनियादी ढांचा, सड़कें और अन्य साजोसामान शामिल है। उन्होंने कहा, वर्ष 2047 तक भारत के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त करना और नंबर एक स्थान हासिल करना हमारे सुरक्षा कर्मियों के बिना संभव नहीं है, जो समर्पण के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं।

#### बीएसएफ के भरोसे 6,300 किमी की सीमा

बीएसएफ की स्थापना एक दिसंबर 1965 को की गई थी जिसमें फिलहाल 2.65 लाख जवान हैं। मुख्य रूप से इसका काम देश के आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगती 6,300 किलोमीटर की भारतीय सीमा की सुरक्षा करना है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान (2,289 किलोमीटर) और बांग्लादेश (4,096 किलोमीटर) से सटी भारतीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली पर काम प्रगति पर है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित
BAJAJ Allianz Caringly yours






बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024

अधिसूचित जिले: बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़–बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर–चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला–मानपुर–अम्बागढ़ चौकी

रबी 2024-25 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें: चना, अलसी, गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित, राई–सरसों

योजना के मुख्य बिंदु :
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त उपज आंकड़े, निंधारित थ्रेसहोल्ड उपज से कम आने पर दावा भुगतान
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अंतर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर–ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/अखळ्य–एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर–ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज– नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

ऋणी कृषक: योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन (Opt-out) आधार पर क्रियान्वित होगी। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

अऋणी कृषक: अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।

योजना संबंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज कराने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करें। अब आप हमारे किसान सुविधा–बजाज आलियांज़ के व्हाट्सएप Chatbot नंबर 7030053232 पर भी अपनी फसल के नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर दे सकते है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play
FARMITRA CARINGLY YOURS

## चिंतन

# सीरिया में तख्तापलट से भंवर में देश का भविष्य

अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, बांग्लादेश के बाद अब सीरिया में तख्तापलट हुई है। इनमें से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और सीरिया में सुन्नी विद्रोहियों ने सत्ता पर कब्जा किया है। सीरिया में राष्ट्रपति बशर-अल असद की सरकार गिर गई है, इसी के साथ असद परिवार के 50 वर्ष के शासन का अंत हो गया है, बसर के देश छोड़कर भागने का दावा किया जा रहा है। सुन्नी विद्रोहियों ने शिया असद के शासन को उखाड़ फेंका है। सत्ता पर इस तरह कब्जे का ट्रेंड खतरनाक है। लगता है संयुक्त राष्ट्र एकदम निष्प्रभावी है, वैश्विक व्यवस्था व कानून का कोई मतलब नहीं रह गया है। अरब स्प्रिंग के दौरान कई राजशाही व सैन्यशासकों के अंत के बाद पश्चिम एशिया में लगा था कि लोकतंत्र का उदय हो रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ, कमजोर सरकार के दौर में इस क्षेत्र में इस्लामिक चरमपंथी गुट मजबूत होते गए। इस्लामिक स्टेट की वजह से सीरिया पहले से ही काफी खराब स्थिति में है। अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। पलायन तेज है, लोग यूरोप में पनाल लेने लगे हैं। राष्ट्रपति अल असद रूस के सहयोग से जैसे तैसे सरकार चला रहे थे। कच्च तेल समेत प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे के पश्चिमी खेल में खाड़ी व पश्चिम एशिया के देशों की हालत पतली होती गई और चरमपंथ मजबूत होता गया है। अफगानिस्तान, बांग्लादेश और सीरिया को देखें तो तीनों मुस्लिम बहुत देश हैं और तीनों ही जगह सत्ता परिवर्तन हिंसा के साथ हुआ, एक स्थापित सरकार को सत्ता से हटाया गया। इस क्षेत्र में एक परिवार के दशकों तक सत्ता में रहने के चलते भी विद्रोह की जमीन तैयार हुई प्रतीत होती है। लेकिन इसका तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। सिस्टम में बदलाव सिस्टम से ही होना चाहिए। इस तरह के सत्ता परिवर्तन में वैश्विक संसथाओं, महाशक्तियों और विश्व बिरादरी की चुप्पी वैश्विक शांति की बात करने वालों पर सवाल खड़ा करती है। चीन अपनी सामरिक ताकतों का प्रदर्शन कर लगातार ताइवान को डराने का प्रयास कर रहा है। यूक्रेन के  साथ रूस की जंग तीन साल से चल रही है, इजराइल आतंकी गुटों- हमास, हिज्बुल्ला, हूती के साथ ईरान के अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में सवाल है क्या विश्व अराजकता की ओर बढ़ रहा है या मध्ययुगीन दौर की ओर लौट रहा है? संकेत अच्छा नहीं है। वैश्विक शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र और महाशक्तियों की होनी चाहिए। इसे किसी देश का घरेलू संकट मानकर अनदेखा नहीं किया जा सकता है। विश्व में अगर इस तरह से सत्ता परिवर्तन होगा तो कायदे कानून का क्या महत्व रह जाएगा? 'ऑपरेशंस रूम टू कॉन्कर दमिश्क' ने सभी विपक्षी लड़ाकों और नागरिकों से 'स्वतंत्र सीरियाई देश' की सरकारी संस्थाओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया है। सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी जलाली ने एक वीडियो बयान जारी करके कहा कि वह शासन की बागडोर शांतिपूर्ण तरीके से विपक्ष को सौंपने के लिए तैयार हैं। संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ राजनयिक ने भी बहरीन में एक सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर असद के ठिकाने के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। 2018 के बाद पहली बार है जब विद्रोही दमिश्क के भीतर पहुंच गए। असद 2000 में किस्मत के फेर से सत्ता में आए थे। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने सीरिया में 'व्यवस्थित ढंग से राजनीतिक बदलाव' सुनिश्चित करने के लिए जिनेवा में तत्काल वार्ता का आह्वान किया है। अमेरिका सीरियाई गृहयुद्ध के बीच सैन्य हस्तक्षेप नहीं करेगा। आज सीरिया का भविष्य भंवर में आ गया है।

## मुद्दा

डॉ. चन्द्र त्रिखा



# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के बहाने इकबाल व रामतीर्थ

बेहतर होता यदि भारत के मुस्लिम-नेताओं ने बंगलादेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई होती। सौहार्द की बहाली का यह अवसर हो सकता था, मगर ओवैसी साहब या उनके सहयोगियों की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। वैसे अतीत के कुछ किस्से ऐसी किसी पहलकदमी का आधार बन सकते थे। थोड़ा पीछे लौटें तो उर्दू के प्रख्यात शायर एवं मुस्लिम विद्वान डॉ. इकबाल और स्वामी रामतीर्थ की दोस्ती के संदर्भ याद कर लेने चाहिए। अजब संयोग था कि दोनों की जन्मतिथि व वर्ष एक ही था, सिर्फ 8 माह का अंतर था। इकबाल का जन्म 22 फरवरी, 1873 था, जबकि स्वामी रामतीर्थ 22 अक्तूबर, 1873 को जन्मे। दोनों का जन्म स्थान दोआबा का क्षेत्र था। इक़बाल सियाल कोट में जन्मे थे, जबकि रामतीर्थ का गांव गुजरावालां के समीप मुरलीवाला नाम से था। दोनों पंजाबी तो थे ही, दोनों का मूल ब्राह्मण वंश था। इक़बाल के पूर्वज सप्रू ब्रह्मण थे, जबकि स्वामी रामतीर्थ तो थे ही गोस्वामी ब्राह्मण। दोनों की पारिवारिक पृष्ठभूमि, धार्मिक थी।



इक़बाल के पिता शेख नूर मुहम्मद एक प्रतिष्ठित मुस्लिम दर्जी थे और इस्लाम में गहरी आस्था रखते थे, जबकि स्वामी रामतीर्थ के पिता गोस्वामी हीरानंद, एक पुजारी थे और हिन्दुओं में प्रतिष्ठित धर्म-प्रचारक माने जाते थे। स्वामी रामतीर्थ और इक़बाल दोनों की प्राथमिक शिक्षा मुस्लिम-शिक्षकों की देख रेख में हुई थीं। इक़बाल के शिक्षक थे मौलवी मीर हसन सियालकोटी, जबकि स्वामी रामतीर्थ को भी गांव के मौलवी मुहम्मद अली ने आरंभिक शिक्षा दी थी। रामतीर्थ ने प्राइमरी शिक्षा के बाद अपने पिता को विवश कर दिया था कि सम्मान के रूप घर में से एक भैंस या गाय मौलवी मुहम्मद अली को दान की जाए। बाद में कालेज-शिक्षा के दिनों भी दोनों की दोस्ती चर्चा का विषय बनी रही थी। दोनों को रावी नदी से बेहद लगाव था और दोनों ने ही रावी नदी पर नज़्में लिखीं थी। हालांकि इक़बाल सलवार कमीज़ पहनते थे और स्वामी रामतीर्थ, एक संत की तरह शॉल और धोती। मगर दोनों ने मूछें रखने का फैसला एक साथ लिया था। दोनों ही पंजाबी पगड़ी भी अक्सर पहन लेते थे लेकिन स्वामी रामतीर्थ ने जनवरी 1903 में संन्यास के लिए पूरे बाल ही मुडंवा लिए थे। कुछ शोधार्थियों का मत है कि ढेरों समानताओं के बावजूद, दोनों एक दूसरे के नज़दीकी सम्पर्क में 1895 में ही आए थे, लेकिन दोनों ने लाहौर में उच्चशिक्षा भी प्राप्त की और पढ़ाते भी रहे। स्वामी रामतीर्थ, गणित पढ़ाते थे, जबकि इकबाल फिलासफी पढ़ाते थे। दोनों का अक्सर एक-दूसरे के घर आना जाना भी शुरू हो चुका था। स्वामी रामतीर्थ के एक जीवनी-लेखक थे सरदार पूर्ण सिंह। उन्होंने 'दी मौंक पोएट ऑफ पंजाब' और 'स्टोरी आफ रामा' के नाम से जीवनी लिखीं थी। उन्होंने एक सभा में डॉ. इकबाल और स्वामी रामतीर्थ के पारस्परिक संबंधों के बारे में इकबाल का ही एक कथन सुनाया। इकबाल के शब्दों में 'एक बार मैं स्वामी रामतीर्थ से मिलने उनके घर गया। उस समय उनके पेट में तीव्र दर्द हो रहा था। लगता था, वह दर्द असह्य था और बार-बार वह दर्द के मारे इधर-उधर करवटें बदल रहे थे। लेकिन उस असह्य दर्द में भी वह हंस रहे थे। कह रहे थे, 'अरे इकबाल! देखो दर्द जिस्म के एक हिस्से को लपेट रहा है, मगर आत्मा तेरी आमद के बाद बेहद प्रसन्न है। जिस्म अपनी लड़ाई लड़ेगा, आत्मा अपना आनंद ले रही है। मैं हैरान था कि यह शख्स वेदांत के मर्म को कितनी सुगमता से आत्मसात कर पा रहा है। जिस्म और आत्मा के अंतर को यह शख्स न केवल जानता है बल्कि जीता भी है।' डॉ. इकबाल के एक शिष्य डॉ. हीरा लाल चोपड़ा डी-लिट्ट के अनुसार इकबाल और रामतीर्थ दोनों लाहौर में एक-दूसरे के पूरक बन गए थे। डॉ. चोपड़ा के अनुसार दोनों ने मसनवी-मौलाना रूमी को मिलकर पढ़ा था। दोनों ने उस पुस्तक के मुख पृष्ठ पर साथ-साथ अपना-अपना नाम लिखा था। इकबाल ने अपना नाम 'शेख मुहम्मद इकबाल' लिखा था, जबकि स्वामी रामतीर्थ ने अपना नाम 'राम बादशाह' लिखा था। इन दोनों के मध्य एक और समानता यह भी थी कि दोनों ही शायरी लिखते थे और दोनों का अंग्रेजी, संस्कृत, पर्शियन, हिंदी, पंजाबी और उर्दू पर समान रूप से अधिकार था। दोनों आपसी दोस्ती में इस कदर रच बस गए थे कि एक बार ईद के दिन दोनों ने एक साथ चांद देखा। दोनों की दोस्ती आज भी मिसाल है।

(लेखक साहित्यकार, स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आयात शुल्क पर न हो अधीर प्रतिक्रिया



## विश्लेषण

विकेश कुमार बडोला

**संभावित ट्रंप प्रशासन ने व्यापार घाटा कम करने तथा डॉलर का मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सहित अन्य प्रमुख देशों के उत्पादों के आयात पर सौ प्रतिशत शुल्क लगाने की अनंतिम नीति बनायी है, जिसका उल्लेख करते हुये ट्रंप ने ब्रिक्स देशों के विरुद्ध शुल्क वृद्धि की चेतावनी दे डाली। यदि भारत की दृष्टि से ट्रंप की चेतावनी का तटस्थ विश्लेषण किया जाय तो चेतावनी की पृष्ठभूमि वाला विषय ट्रंप-मोदी के मैत्री संबंधों के आधार पर भारत हितैषी नहीं हो सकता है। अमेरिका के साथ भारत का संवाद सर्वथा नवीनता तथा पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। भारत को भी अपने हित को देखते हुए ही अमेरिकी नीति का तटस्थ होकर आंकलन करना चाहिए।**

अमेरिका में अभी रिपब्लिकन दल के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यभार नहीं संभाला है। अभी वे अपने अधीन कार्य करने के लिये नियत विभिन्न विभागों हेतु प्रमुख योग्य व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें नियुक्त करने की प्रक्रिया में हैं। इसी क्रम में देशी-विदेशी व्यापार व वाणिज्य विभाग के प्रमुख की नियुक्ति की समयावधि में उनके सम्मुख ये विचारबिंदु उभरे कि क्या उन्हें अमेरिका को विशाल मात्रा में विभिन्न उत्पादों का निर्यात करनेवाले देशों पर आयात शुल्क में सौ प्रतिशत तक की वृद्धि करनी चाहिए अथवा नहीं। इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत उनके सम्मुख यह अंतिम निष्कर्ष था कि डेमोक्रेट्स की व्यापार नीतियों की विफलता के कारण तथा विशेषकर यूक्रेन के साथ रूस का युद्ध प्रारंभ होने के बाद तत्कालीन अमेरिकी शासन द्वारा रूस से कच्चे तेल के क्रय पर प्रतिबंध लगाने के कारण अमेरिकी डॉलर का अप्रत्याशित अवमूल्यन हुआ है। निष्कर्षीय प्रस्ताव के अनुसार इस प्रकरण में अमेरिका को बड़ा व्यापार घाटा हुआ है। किंतु ऐसा विचार और परिणामी निष्कर्ष अधीरता का द्योतक है। अंतराल में जब ट्रंप पुनः कार्यव्यवहार संभालेंगे तो अमेरिकी व्यापार घाटे तथा मुद्रा अवमूल्यन के कारणों की वस्तुस्थिति निश्चित रूप में उन कारणों से पृथक ही होगी, जो शासकीय-प्रशासकीय अनाभ्यासिक वातावरण के कारण ट्रंप और उनके नवनियुक्त विभागीय प्रमुखों को अनुभव हो रही है।

वस्तुतः ढाई वर्ष पूर्व रूस से तेल के आयात पर प्रतिबंध के अमेरिकी निर्णय ने इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, इत्यादि अधिसंख्य यूरोपीय देशों को भी इस संदर्भ में अमेरिका का अनुसरण करने के लिये विवश किया था और फलतः इन समस्त देशों को कच्चे तेल का निर्यात करके होनेवाली रूस की राष्ट्रीय आय अधिमात्रा में रुक गयी। इस संकट से मुक्ति हेतु रूस ने ब्रिक्स समूह के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास किया। संकट उत्पन्न होने से लेकर गत 24 अक्टूबर तक जितने भी ब्रिक्स सम्मेलन संपन्न हुये हैं, उनमें रूस, चीन, भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित ब्रिक्स के समस्त नौ देशों ने अमेरिकी डॉलर में व्यापार करने के व्यापारिक अभ्यास रोकने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया है। ब्रिक्स ने संकल्प किया है कि पारस्परिक व्यापार की आधार-मुद्रा या तो सदस्य देशों की अपनी-अपनी मुद्रायें होंगी अथवा संभावित एकीकृत ब्रिक्स मुद्रा के माध्यम से व्यापार किया जायेगा। चूंकि सऊदी अरब जैसा धन-संपन्न देश भी एक जनवरी 2024 से ब्रिक्स समूह का सदस्य बन चुका है, इसलिये भी अमेरिकी मुद्रा का मूल्य वैश्विक आर्थिक दृष्टि से कम होने की आशंकाएं उभर चुकी हैं। इन्हीं आशंकाओं से चिंतित संभावित ट्रंप प्रशासन ने व्यापार घाटा कम करने तथा डॉलर का मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सहित अन्य प्रमुख देशों के उत्पादों के आयात पर सौ प्रतिशत शुल्क लगाने की अनंतिम नीति बनायी है, जिसका उल्लेख करते हुये ट्रंप ने ब्रिक्स देशों के विरुद्ध शुल्क वृद्धि की चेतावनी दे डाली।

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में विजय ही इस सार्वजनिक संकल्प के आधार पर प्राप्त की है कि वे अमेरिका तथा अमेरिकियों के हितों की प्राथमिकता के आधार पर रक्षा करेंगे, अतः स्वाभाविक है कि वे अपने पूर्ववर्त्तियों की तुलना में अधिक सत्यनिष्ठा के साथ उक्त



संकल्प का कार्यगत निरूपण करेंगे, और इस हेतु यह भी निश्चित ही है कि उन्हें भारत, चीन, रूस, सऊदी अरब, इत्यादि सहित विश्व के अधिसंख्य देशों के विरुद्ध कुछ न कुछ ऐसे कठोर व्यापारिक-व्यावसायिक निर्णय लेने होंगे जो प्रत्यक्ष रूप में इन देशों में सार्वजनिक स्तर पर अस्वीकार्य एवं अनुचित माने जायेंगे। अमेरिकी मुद्रा में व्यापार न करने हेतु देशों के उत्पादों पर सौ प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने की ट्रंप की चेतावनी के बाद भारत में सार्वजनिक तथा जनसंचारिका (मीडिया) के स्तर इसे ट्रंप का अनुचित निर्णय सिद्ध किया जा रहा है। दूसरी ओर इस विषय पर भारतीय शासन, विदेश मंत्रालय के पदाधिकारियों तथा संबंधित विशेषज्ञों का मत अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं है। उनकी राय में ट्रंप प्रशासन के लिये व्यावहारिक रूप में ऐसा कर पाना संभव नहीं है।

यदि भारत की दृष्टि से ट्रंप की चेतावनी का तटस्थ विश्लेषण किया जाय तो चेतावनी की पृष्ठभूमि वाला विषय ट्रंप-मोदी के मैत्री संबंधों के आधार पर भारत हितैषी नहीं हो सकता है। ऐसा इसलिये नहीं हो सकता है क्योंकि अमेरिका हो चाहे भारत या फिर कोई भी अन्य देश उसे अपनी व अपने मूल नागरिकों की स्वायत्तता के अनुरूप विभिन्न विषयों से संबंधित निर्णय लेने ही होते हैं। राजनीतिक सत्यनिष्ठा के आधार पर आकलन करने पर ट्रंप की चेतावनी अनुचित प्रतीत नहीं होगी। भारत भी गत दस वर्षों से पीएम मोदी के नेतृत्व में न्यूनाधिक मात्रा में ट्रंप वाली भूमिका में ही है। भारतवासियों के लिये यह गौरव व गरिमा तथा राष्ट्रभक्ति का विषय है। किंतु दुर्भाग्यवश ऐसी भूमिका का धरातल पर अधिक क्रियान्वयन नहीं है। भारत की ऐसी भूमिका सैद्धांतिक तथा सांकल्पिक स्वरूप में ही है। इसीलिए यहां भी अमेरिका से कई गुणा अधिक अवैध प्रवासन, लोकतंत्र के विरोधाभासों का सार्वजनिक प्रदर्शन तथा परिणाम में मूल भारतीयों के हितों का अनेक स्तर पर हनन हो रहा है।

ट्रंप को द्वितीय अवधि के लिए सत्तारूढ़ करने वाले अमेरिकी नागरिकों की इच्छा है कि उनका राष्ट्रपति डेमोक्रेट्स की अमेरिकाघाती राजनीतियों का अतिक्रमण करके स्वायत्तता का वातावरण निर्मित करे, अमेरिकियों के नागरिक हितों का संरक्षण करे तथा इसके लिये अन्य देशों को अप्रिय लगनेवाले निर्णय ही क्यों न लेने पड़े, तो ले। वास्तव में, आयात-शुल्क वृद्धि के संबंध में स्वयं ट्रंप, ट्रंप प्रशासन तथा ट्रंप की चेवावनी की परिधि में आये भारत सहित समस्त देशों को इस तथ्य पर अवश्य ध्यान देना चाहिये कि आर्थिक-व्यापारिक मतभेद की यह स्थिति राष्ट्र के रूप में अमेरिका ने नहीं, अपितु अमेरिकी जो. बाइडेन शासन की अदूरदर्शी नीतियों के कारण ही उत्पन्न हुयी है। कार्यभार संभालने के उपरांत जैसे-जैसे समय व्यतीत होगा ट्रंप प्रशासन तथा शेष विश्व को अभी ऐसे अनेक मतभेदों का सामना करना होगा, जिनका बीजारोपण डेमोक्रेट्स की मानवविरोधी नीतियों के कारण ही हुआ है। आयात-शुल्क सहित अन्य विषयों पर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति की वास्तविक नीतियों का कार्यप्रदर्शन तो आधिकारिक रूप में उनके सत्तारूढ़ होने के पश्चात ही निर्धारित हो सकेगा। अतः भारत तथा विश्व के प्रमुख देशों को धैर्य रखने की आवश्यकता है।

ऐसे वातावरण में अमेरिका के साथ भारत का संवाद सर्वथा नवीनता तथा पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। इस प्रक्रिया में भारत को यह भी अवश्य ही ध्यान में रखना चाहिये कि अमेरिका की प्रत्येक नीति उसकी शर्तों पर नहीं हो सकती। अमेरिका के नये शासन को भी वैश्विक व्यापारिक नीतियों के संदर्भ में धीरतापूर्वक मंथन करना चाहिये तथा उन्हें उदारतापूर्वक स्वीकार करना होगा कि वर्तमान अमेरिकी चुनौतियों व समस्याओं के लिये अन्य देशों की गुट सापेक्षता (ब्रिक्स) की तुलना में डेमोक्रेट्स शासन की अव्यावहारिक व व्यक्तिगत स्वार्थपरता की नीतियां सर्वाधिक दोषी हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# रिलेशनशिप में इन बातों की बांधें गांठ



संकलित

## दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

# मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित

## प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़ियां पर पड़ी। चिड़ियां कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़ियां का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़ियां को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़ियां को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़ियां को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़ियां कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश ने भी अपनाया नापाक पाकिस्तान का साथ

बांग्लादेश इतिहास भूल चुका है। भारतीय सरकार, जनता और सशस्त्र सेनाओं ने कभी उनके देश के सताए हुए मजबूर देशवासियों (शरणार्थियों) को शरण एवं सहयोग ही नहीं, बल्कि आजादी भी दिलवाई थी। भारतीय सेना के साथ बीएसएफ के सैनिकों ने भी इसमें मुख्य रूप से अपनी अहम भूमिका निभाई थी। पकिस्तान द्वारा रचे कट्टरपंथी षड्यंत्र ने शेख हसीना को भारत में शरण लेने के लिए मजबूर कर दिया। बांग्लादेश की नेशनलिस्ट पार्टी और कट्टरपंथी ताकतों ने बांग्लादेश सरकार का तख्ता पलट कर अपने हाथों में ले लिया है। सत्ता संभालते ही कट्टरपंथी सरकार ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर अनेक अमानवीय अत्याचारों की शुरुआत कर दी। उनकी हत्याएं, मारपीट, प्रताड़ित करना, महिलाओं का अपहरण, दुष्कर्म, घरों-व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों की लूटपाट वहां आम हो गई है। – *राकेश शर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड


### भारत के लिए गर्व की बात



भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। परम पावन पोप फ्रांसिस द्वारा जॉर्ज जैकब कूवाकड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर प्रसन्न हूं। जॉर्ज कूवाकड ने ईसा मसीह के अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।।

**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### तीसरे स्थान पर पहुंचेगा भारत



भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत वर्तमान में पांचवें स्थान पर है और अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।

**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### संसद में चीन पर चर्चा हो



भारत-चीन संबंधों पर संसद में चर्चा रणनीतिक और आर्थिक नीति दोनों पर केंद्रित होनी चाहिए, क्योंकि चीन पर देश की निर्भरता आर्थिक रूप से बढ़ गई है, जबकि उसने चार साल पहले हमारी सीमाओं पर यथास्थिति को एकतरफा रूप से बदल दिया था।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### लोकतंत्र की समझ नहीं




भाजपा को न तो लोकतंत्र की समझ है और न ही कूटनीति की। वे ओछी राजनीति में इतने अंधे हो गए हैं कि वे लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया और जीवंत स्वतंत्र नागरिक संस्थाओं के मूल्य को भूल गए हैं, और वे अच्छे संबंध बनाए रखने में जिम्मेदारियों से अनजान हैं।

**-शशि थरूर, कांग्रेस नेता**

## करंट अफेयर


# इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करेगी पीटीआई



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के तेजतर्रार नेता अली अमीन गांदापुर ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ और अधिक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। अली अमीन ने उपमहाद्वीप में एक ऐतिहासिक लड़ाई का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा, 'हम पानीपत की लड़ाई की तरह हमले जारी रखेंगे। अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो हम जीतेंगे।' उन्होंने खान की रिहाई की मांग को लेकर 24 नवंबर को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए मार्च का जिक्र करते हुए यह बात कही। अली अमीन ने कहा, 'हमने अभी तक सिर्फ पांच हमले किए हैं और बाकी हमले भी जारी रखेंगे।' इमरान खान की पार्टी ने अपनी तीन मांगों को लेकर इस्लामाबाद तक मार्च करने की घोषणा की थी। पार्टी जेल में बंद खान और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनाव में पार्टी की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग कर रही है। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था।

## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक



फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति-संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हिंदी सिनेमा में वापसी को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों भारतीय सिनेमा में अपनी वापसी को



लेकर चर्चा में हैं। उन्हें आखिरी बार हिंदी फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में देखा गया था, जिसमें वह फरहान अख्तर के साथ नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी और प्रियंका पिछले 5 साल से हिंदी सिनेमा से दूर हैं। अब प्रियंका ने हिंदी फिल्म करने के संकेत दिए हैं। एक बातचीत में प्रियंका ने कहा, मैं कई निर्माताओं से मिलती हूं और कहानी पढ़ती हूं। हिंदी फिल्मों में मैं अलग तरह का रोल तलाश रही हूं। यह साल मेरे लिए वाकई बहुत व्यस्त रहा, लेकिन मेरे पास कुछ है। मैं आप सब लोगों को जल्द बताऊंगी।

## अलविदा 2024: पहले विलेन का रोल दूसरे कलाकार करते थे अब कर रहे हीरो

# आर माधवन से अर्जुन कपूर तक, इस साल विलेन बनकर छा गए ये सितारे

*मुंबई। बॉलीवुड में बीते कुछ समय से एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। एक वक्त था, जब विलेन का किरदार निभाने के लिए दूसरे कलाकार हुआ करते थे, लेकिन अब ज्यादातर फिल्मों में हीरो ही विलेन बन रहे हैं। इस साल कई फिल्में रिलीज हुईं, जिनके विलेन खूब सुर्खियों में रहे और उन्होंने अपनी दमदार खलनायकी से दर्शकों के दिलों पर राज किया। आइए जानते हैं उन अभिनेताओं के बारे में, जो खलनायक बनकर छा गए।*

**आर माधवन (शैतान) :** एक पिता अपनी बेटी को किसी बुराई से बचाने के लिए किस हद तक जा सकता है? यही है 'शैतान' की कहानी। यह 8 मार्च को




सिनेमाघरों में आई थी। इस सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म का निर्देशन विकास बहल ने किया है। इसमें अजय देवगन, आर माधवन, ज्योतिका और जानकी बोदीवाला मुख्य भूमिका में हैं। माधवन फिल्म में वनराज कश्यप नाम के खलनायक हैं, जो तांत्रिक बनने के साथ 'शैतान' के नायक भी बन जाते हैं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर है।

**कमल हासन (कल्कि 2898 एडी) :** इस साल की सबसे बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई की। फिल्म में जहां अमिताभ




बच्चन की उम्दा अदाकारी की तारीफ हुई, वहीं खलनायक बने कमल हासन ने भी जमकर वाहवाही लूटी। इसमें उनका किरदार एक खूंखार विलेन यास्किन का था। कमल ने अपने अवतार और अभिनय से दर्शकों के रोंगटे खडे कर दिए थे। अगर आपने कमल को नहीं देखा तो आप नेटफ्लिक्स या अमेजन प्राइम वीडियो पर उनकी यह फिल्म देख सकते हैं।

**अर्जुन कपूर (सिंघम अगेन) :** अर्जुन कपूर ने भी इस साल विलेन बनकर खूब सुर्खियां बटोरीं। फिल्म 'सिंघम अगेन' में डेंजर लंका बनकर उन्होंने दर्शकों से खूब



सीटियां और तालियां बजवाईं। दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी उनकी तारीफ की और इस सराहना के लिए अर्जुन कई बार आभार भी जता चुके हैं। चेहरे पर शैतानी मुस्कान, चलती-फिरती मौत और फुल साउथ स्टाइल विलेन डेंजर लंका बनकर अर्जुन ने फिल्म में अपनी एंट्री भर से ही खूब आतंक मचाया था।

**सैफ अली (देवरा) और सुनील कुमार (स्त्री 2) :** जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' भले ही नहीं चली, लेकिन इसमें खूंखार विलेन बने भैरा (सैफ अली खान) ने दर्शकों को अपना मुरीद जरूर बना लिया। 'देवरा' नेटफ्लिक्स पर है। सुनील कुमार ने ब्लॉकबस्टर







फिल्म 'स्त्री 2' में सरकटा का किरदार निभाया और खूब आतंक मचाया। सुनील जम्मू के रहने वाले हैं और उन्हें 'जम्मू का ग्रेट खली'कहा जाता है। वह एक्टर, एथलीट और इंफ्लुएंसर हैं। फिल्मों में काम करने के अलावा सुनील बतौर कॉन्सटेबल नौकरी भी करते हैं।

# हॉरर कॉमेडी फिल्म 'नई नवेली' में कृति सैनन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन फिल्मकार आनंद एल राय की हॉरर कॉमेडी फिल्म नई नवेली में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आनंद एल राय हॉरर कॉमेडी फिल्म नई नवेली बनाने जा रहे हैं, जिसके लिये उन्होंने कृति सैनन को साइन किया है। यह फिल्म आनंद एल राय के बैनर कलर येलो प्रोडक्शंस के तहत बनाई जाएगी। यह फिल्म तेरे इश्क में पर काम करने के बाद कृति सैनन और आनंद एल राय के बीच एक और सहयोग



का प्रतीक है। तेरे इश्क में का एक बड़ा हिस्सा पूरा होने के बाद नई नवेली का प्रोडक्शन 2025 के मध्य में शुरू होगा। हॉरर कॉमेडी इस सीजन की पसंद बनी हुयी है और नई नवेली को लोकप्रिय शैली में एक नया रूप लाने की उम्मीद है। हॉरर-कॉमेडी फिल्म नई नवेली बनाने के अलावा, आनंद एल राय बहुचर्चित तनु वेड्स मनु फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग का निर्देशन करने की भी तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में कंगना रनौत और आर माधवन मुख्य भूमिका में होंगे।

# *'पुष्पा 2' तोड़ेगी 'दंगल' का महारिकॉर्ड, ये हैं देश की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में*

*मुंबई। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' कमाई की सुनामी लेकर आई है। यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई और इसने पहले ही दिन देश और दुनिया में सबसे अधकि कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम किया। दूसरे दिन भी फिल्म ने छप्परफाड़ कमाई की और महज 2 दिन में इसने दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया। आइए दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 5 भारतीय फिल्मों के बारे में जानें।*

***'दंगल'* : *दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाऊ भारतीय फिल्मों में पहले स्थान पर आमिर खान की 2016 में आई 'दंगल' है। फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा और जायरा वसीम जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 2,000 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का बजट महज 80 करोड़ रुपये था। इसकी रिलीज को 8 साल हो चुके हैं, लेकिन कोई भी फिल्म अभी इस आंकड़े को पार नहीं कर पाई है। अब शायद 'पुष्पा 2' इसे मात दे दे।*

***'बाहुबली 2: द कंक्लूजन'*: *'बाहुबली 2: द कंक्लूजन' ने दुनियाभर में खूब तहलका मचाया था। इस फिल्म में प्रभास, अनुष्का*




*शेट्टी, तमन्ना भाटिया और राणा दुग्गुबाती जैसे कलाकार अहम किरदार में नजर आए थे और इन सभी सितारों के लिए यह फिल्म मील का पत्थर साबित हुई थी। एसएस राजौमली के निर्देशन में बनी इस फिल्म की भव्यता देख हर कोई हैरान था। फिल्म ने 1,788 करोड़ रुपये कमाए थे। 250 करोड़ रुपये के बजट वाली यह फिल्म आप डिज्नी+हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*

***आरआरआर*: *भारत की सबसे कमाऊ फिल्मों की बात हो तो ऑस्कर पा चुकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर ' का जिक्र कैसे न हो। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड कमाई की थी। साल 2022 में आई इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली ने किया था। फिल्म में राम चरण, जूनियर एनटीआर और आलिया भट्ट अहम भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1, 236 करोड़ रुपये की कमाई की थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स, जी5 और डिज्नी+हॉटस्टार पर मौजूद है।*

***'केजीएफः चैप्टर 2'और 'जवान'* : *दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में चौथे स्थान पर कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म 'केजीएफ : चैप्टर 2' है। फिल्म में संजय दत्त और रवीना टंडन भी थे। इसने दुनियाभर में 1,200 करोड़ रुपये बटोरे थे। इस फिल्म का लुत्फ आप अमेजन प्राइम वीडियो पर उठा सकते हैं। उधर नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद शाहरुख खान की 'जवान' भी देश की 5 सबसे कमाऊ फिल्मों में शामिल है। इसने दुनियाभर में लगभग 1,150 करोड़ रुपये कमाए थे।*

# 'द डायरी ऑफ मणिपुर' से डेब्यू करेंगे अमित राव

**मुंबई।** मणिपुर हिंसा के ज्वलंत मुद्दे पर बनने जा रही फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर से अमित राव हिंदी फिल्मों में डेब्यू कर रहे हैं। 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' के मेकर सनोज मिश्रा अब मणिपुर हिंसा के ज्वलंत मुद्दे पर फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म के जरिए अमित राय हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म के लेखक निर्माता और निर्देशक सनोज मिश्र ने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' से जुड़ी जानकारी शेयर की। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के जरिए मणिपुर हिंसा की सच्चाई दिखाने जा रहा हूं। सनोज मिश्रा



फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही यह फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर के लेखक, निर्माता और निर्देशक सनोज मिश्र हैं। फिल्म के सह -निर्माता यामीन खान, जावेद देवरियावाले ,धीरेंद्र ठाकुर, और संजय कुमार हैं। अमित राव के अलावा इस फिल्म में देश की प्रसिद्ध योग शिक्षिका मानसी गुलाटी और भजन सम्राट अनूप जलोटा भी एक खास किरदार निभा रहे हैं। फिल्म के बाकी कलाकारों का चयन जारी है। सनोज मिश्र ने कहा, मैं अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज के ऐसे ज्वलंत मुद्दों दिखता रहूंगा।

## टीवी मसाला



# सलमान का 'नौकर', रहा बेरोजगार सिर्फ 1 किरदार ने बना दिया लोकप्रिय

**मुंबई।** हम जिस एक्टर की बात कर रहे हैं, वे सलमान खान की पहली सुपरहिट फिल्म 'मैंने प्यार किया' में उनके नौकर बने थे। उन्होंने फिर 'हम आपके हैं कौन' में उनके दोस्त का रोल निभाया था। ब्लॉकबस्टर देने के बाद भी एक्टर को कुछ वक्त तक बेरोजगार रहना पड़ा। मगर एक किरदार ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। वे आज एक बड़े सभी के चहेते स्टार हैं, जिनकी नेटवर्थ करोड़ों में है। जी हां, हम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के लीड एक्टर जेठालाल यानि कि दिलीप जोशी की बात कर रहे हैं, जो जेठालाल का रोल निभाकर घर-घर लोकप्रिय हुए। वे आज टीवी की दुनिया के बड़े स्टार हैं, जिन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। उन्होंने सलमान खान, अक्षय कुमार, बॉबी देओल और प्रियंका चोपड़ा जैसे स्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर किया है। वे फिल्मों में छोटे-मोटे किरदार निभाते रहे, मगर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने उन्हें स्टार बना दिया। आज उनके पास शोहरत के साथ-साथ दौलत भी भरपूर है।

### कभी एक शो के लेते थे 400 रुपए

दिलीप जोशी को अपने करियर में काफी संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने एक बातचीत में अपने करियर के मुश्किल दौर के बारे में बताया था। वे जब सूरज बड़जात्या की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में काम कर रहे थे, तब उनके पास पैसों की काफी तंगी थी। वे साल 1992 में बेटी के जन्म के दौरान प्रति शो 400-450 रुपये कमा रहे थे। उन्हें फिल्म के ब्लॉकबस्टर होने के बाद भी काफी वक्त तक काम नहीं मिला था। आज एक एपिसोड की उनकी फीस लाखों में है।

### एक्टर की नेटवर्थ में हुआ था भारी इजाफा


रिपोर्ट के अनुसार, दिलीप जोशी की संपत्ति पिछले पांच सालों में 135 फीसदी बढ़ी है, जिसे उनकी नेटवर्थ 20 करोड़ रुपये से बढ़कर 47 करोड़ रुपये हो गई है। वे शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के एक एपिसोड के लिए 1.5 लाख रुपये चार्ज करते हैं। दिलीप जोशी को कारों का भी काफी शौक है। उनके पास ऑडी क्यू7, टोयोटा इनोवा और किया सोनेट सबकॉम्पैक्ट एसयूवी भी है। दिलीप जोशी के पास गोरेगांव में 5 करोड़ रुपये का एक आलीशान घर भी है।

**बहा ले गई समंदर की लहर :** लॉस एंजिलस। रूसी अभिनेत्री कमिला बेल्यात्सकाया नहीं रहीं। हाल ही में एक खौफनाक हादसे में उनकी मौत हो गई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख किसी का भी दिल दहल जाए। कमिला महज 24 साल की थीं। वह समंदर किनारे योगा कर रही थीं। योग करते वक्त समंदर की लहरें तेजी से आईं और उन्हें बहाकर ले गईं। वो थाईलैंड के कोह समुई आइलैंड पर योग कर रही थीं।



# ऐसे हिट होती है फिल्म खोला राज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि यदि फिल्म अच्छी तरह से बनाई गई है तो जरूर सफल होती है। वर्ष 2024 यामी गौतम के लिए खास रहा है। अपनी बेहतरीन अदाकारी से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया है और अपनी शानदार अभिनय क्षमता को फिर से साबित किया है, जो ये बताता है कि वो इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। आर्टिकल 370 में उनके दमदार परफॉर्मेंस ने उन्हें फिल्म ऑफ दि ईयर का खिताब दिलवाया है, और फिल्म भी बड़ी हिट साबित हुई है। यामी गौतम ने कहा कि मैंने हमेशा ऐसी फिल्मों को चुना है जो किसी न किसी तरीके से खास होती हैं और आदित्य ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने फिल्म आर्टिकल 370 को लोकेश के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया। इस फिल्म को लेकर कई सवाल और सलाहें आईं।



# 'बेबी जॉन' का ट्रेलर आज होगा रिलीज

**मुंबई।** पिछले लंबे समय से अभिनेता वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके निर्देशन की कमान एटली ने संभाली है, जिन्होंने बीते साल शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' जैसी सुपरहिट फिल्म दी थी। । दरअसल, वरुण की फिल्म का ट्रेलर आज 9 दिसंबर को मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम में लांच किया जाएगा। वरुण भी होंगे कार्यक्रम में शामिल बॉलीवुड की रिपोर्ट के मुताबिक, 'बेबी जॉन' का ट्रेलर 9 दिसंबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वरुण और एटली समेत फिल्म की बाकी स्टार कास्ट भी शामिल होगी। सितंबर, 2024 में एटली ने मुंबई में आयोजित बिग सिने एक्सपो, 2024 में 'बेबी जॉन' की खास झलकियों दिखाई थीं। जिसे प्रशंसकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलीं।




अपनी कार बेचने/खरीदनें के लिए स्कैन करें

छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है

376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स
वेरिफाइड कार हिस्ट्री*
1 साल तक की वारंटी और 3 फ्री सर्विस*

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com

*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश के कारण होता है।

TRUE VALUE CERTIFIED

**RAIPUR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD**: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | **SPARSH AUTOMOBILES:** 9926003332 | **AVANTI VIHAR**: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | **BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 7987196900 | **DURG BYPASS:** CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042| **DURG: PULGAON CHOWK:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100| **JAGDALPUR:** SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | **BHATAGAON**: HDN MOTORS: 7909800009. **SARONA:** VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | **DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 8120001958, 9111011381.

## खबर संक्षेप

### गिरवी रखे सोना को हड़पने की शिकायत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने गिरवी रखे सोना को ज्वेलर्स द्वारा हड़पने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। ग्राम राजाकटेल निवासी हेमसागर पटेल ने बताया कि उन्होंने नवंबर 2023 में सांकरा के श्याम ज्वेलर्स के पास 5.900 ग्राम सोना 16 हजार रुपए में गिरवी रखा था। गिरवी रखते समय किसी प्रकार की रसीद उन्हें नहीं दी गई थी। दो माह बाद गिरवी रखे सोना लेने गया तो ज्वेलर्स संचालक राकेश अग्रवाल और अजय अग्रवाल ने कहा कि तुम्हारा सोना डूब चुका है, तुम्हे सोना नहीं मिलेगा। उन्होंने सोना वापस लेने ज्वेलर्स के कई चक्कर लगाए लेकिन उन्हें सोना नहीं मिला। आखिरकार पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। इस संबंध में संचालक राकेश अग्रवाल ने कहा कि सोना गिरवी रखने, ब्याज में राशि लेन-देन हेतु उनके पास शासन से साहूकारी लाइसेंस प्राप्त है, लेन-देन का पूरा काम विधिवत किया जाता है। हेमसागर पटेल ने उनके खिलाफ झूठा आरोप लगाया है।

### एक्सीडेंट में बाइक में दो लोग घायल

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह के पास बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। पुलिस को उदयचंद साहू निवासी चुरूपाली तेंदूकोना निवासी ने बताया कि 7 दिसंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह साराडीह से बाइक में सवार होकर कुशल साहू और भुनेश्वरी साहू के साथ अपने घर ग्राम चुरूपाली जाने के लिए निकला था। बाइक को कुशल साहू चला रहा था। करीब 2.30 बजे साराडीह मोड के पास महासमुंद की ओर से आ रही मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजी 2983 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से प्रार्थी एवं कुशल साहू को चोटें आई। मामले में रिपोर्ट पर महासमुंद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### लोन की राशि जमा करने की बात पर की मारपीट, पुलिस जांच शुरू

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत माहुरबंदपारा में अपने दोस्त को लोन में बन रहें ब्याज को जमा करने के लिए पैसा मांगने पर धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 36 वर्षीय केश कुमार सोनकर पिता गणेश कुमार सोनकर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने दोस्त माहुरबंदपारा निवासी राजू सोनी पिता गजेंद्र सोनी को बैंक से 10 लाख रूपए लोन लेकर एवं 5 लाख स्वयं के पास से कुल 15 लाख रूपए दिया है। दिए पैसे में से 10 लाख रूपएं का लोन प्रति माह के एक तारिख को लगभग 19 हजार 553 रूपएं लोन जमा करने के लिए 30 नवंबर को रात 10 राजू सोनी के घर के पास गया। तब राजू सोनी के द्वारा मैं पैसा नहीं दूंगा, तुमको जो करना है कर लो कहते हुए गाली दिया और जान से मारने की धमकी देकर मेरे हाथ को पकड़ कर खिंचते हुए धक्की मुक्की कर मारपीट किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# चित्रकोट वाटरफॉल में करोड़ों की सोलर लाइट धूल खा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

सरकार की योजनाओं के कार्यों का क्रियान्वयन कितनी ईमानदारी से किया जाता है, इसका एक नजारा विश्व प्रसिद्ध जलप्रपात यानि भारत का नियाग्रा चित्रकोट में देखा जा सकता है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर सोलर और लेजर लाइट लगाया गया है, जो 2 साल से लोकार्पण का बाट जोह रहा है। कांग्रेस शासन काल में 2022 में 4 करोड़ की लागत से क्रेडा विभाग ने चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र में लगाया था, बावजूद आज पर्यन्त लाइट को रोशन नहीं किया गया है। पर्यटक दूर दराज से बड़ी संख्या में पहुंचते है। रात में भी चित्रकोट जलप्रपात के मनमोहक नजारे को देख सके इसे ध्यान में रख बड़े-बड़े स्ट्रीट पोल के सहारे सोलर लाइट लगवाया गया था।

## पर्यटक रात में मनमोहक नजारे का नहीं ले पा रहे आनंद

### पीसीसी अध्यक्ष का गृह क्षेत्र है

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते कहा कि कांग्रेस सरकार ने इसे लगवाया था और अब तक क्यों चालू नहीं किया गया, यह जांच का विषय है। साथ ही कहा कि हमने लगाया है और हम ही 4 साल के बाद चालू करेंगे। भाजपा सरकार के मंत्री और विधायकों को ये दिखाई नही देता है,वे पिकनिक मनाने आते हैं और चले जाते है।



### लापरवाही पर विधायक नाराज

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने नाराजगी जाहिर करते कहा कि विभाग के अफसरों की लापरवाही के चलते ही चित्रकोट जलप्रपात में रात में आने वाले पर्यटक मायूस होकर जा रहे हैं। करोड़ों की लागत से लगाए गए सोलर लाइट कबाड़ का रूप ले रही है। साथ ही कहा कि शिकायत शासन स्तर पर करेंगे और जल्द ही पत्र लिखकर सोलर लाइट को शुरू किया जाएगा।


### टेस्टिंग के लिए चालू हुई थी

सोलर लाइट को कुछ समय के लिए टेस्टिंग के तौर पर चालू किया गया था। उद्घाटन के इंतजार में 2 साल बीत गए। लेकिन अब भी इसे चालू नहीं किया गया है। अब करोड़ों की लागत से लगी सोलर लाइट खराब होने की स्थिति में है।

## हादसा : सेक्टर-1 में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

# तेज रफ्तार ने ली दो सगी बहनों की जान, दोस्त ने भी तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड से टकरान जाने से दो सगी बहन और उसके दोस्त की मौत हो गई। तीनों के शव का पीएम कर परिजनों को सौंपा गया है। घटना सेक्टर 1 स्थित मुर्गा चौक के पास की है। मिली जानकारी के मुताबिक कार सीजी 7 एटी 2620 में सवार होकर धनोरा निवासी लुकेन्द्र उइके, मरोदा दीपिका कौर, पूनम कौर और परमवीर कैम्प से सेक्टर 9 की ओर जा रहे थे। इस दौरान पावर हाउस ब्रिज से निकलकर सेक्टर की ओर आए। कार जैसे सेक्टर 1 के मुर्गा चौक पहुंची अचानक अनियंत्रित को होकर सीधे झाड़ियों में घुस गई। कार की रफ्तार इतना अधिक था कि पेड से टकरा जाने से कार के परखच्चे उड गए। आसपास के लोगों की मदद से कार के दरवाजे को तोड़कर सभी लोगों को बाहर निकाला गया। इस दौरान लुकेन्द्र, दीपिका और पूनम गंभीर रुप से घायल थे। वहीं परमवीर को मामूली चोट आई। तुंरत लोगों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। जहां लुकेन्द्र, दीपिका, पूनम की मौत हो गई। कार को लुकेन्द्र चला रहा था। सामने सीट पर दीपिका और कार के पीछे सीट पर परमवीर, पूनम सवार थे। दीपिका व पूनम आपस बहन है। हादसे की जानकारी लगने पर परिवार में मातम पसर गया है। घटना की सूचना परमवीर ने परिजनों को कल कर दिया। तब सभी को जानकारी हो पाई। बताया जा रहा है कि हादसे में कार का एयरबैग नहीं खुल पाया था।इसके अलाना चालक सीट बेल्ट तक नहीं लगाया था। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उक्त जानकारी दी। उनका कहना था कि सीट बेल्ट लगाई होती तो एयरबैग खुलने से उनकी जान बच सकती थी।

### गुरुद्वारा के पाठ में शामिल होकर लौट रहे थे

बताया जा रहा है कि कार सवार कैम्प गुरुद्वारा में पाठ कार्यक्रम में शामिल होकर लौटते समय हादसा हुआ। लुकेन्द्र सिविल कॉन्ट्रैक्टर था। वहीं पूनम विवाहित थी। उसका एक बेटा 16 वर्ष का है। जो 10वीं क्लास में पढ़ रहा है। वहीं दीपिका प्राइवेट जॉब करती थी। दोनों परमजीत की बहन हैं। सेक्टर में हुए हादसे को लेकर लोगों को सोचने में मजबूर कर दिया है कि शहर में रफ्तार थमने का नाम नहीं रहा है। वहीं ट्रैफिक पुलिस भी तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

### बाल-बाल बचा परमवीर



हादसे का चशमदीद दोनों बहनों का भाई परमवीर बाल-बाल बच गया। हादसे में उसे कमर में थोडी चोट आई है। कार के पिछली सीट पर परम सवार था।अपने सामने ही दोनों बहनों के मौत देख परेशान हो गया। परम ने ही परिवार के लोगों को हादसे की जानकारी दी। तब सभी मौके और अस्पताल में पहुंच पाए। बताया गया कि ओवरटेक के चलते ही हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही हादसे का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज**

हादसे को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। चालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। हादसे का कारण पता लगाया जा रहा है।पीएम रिपोर्ट के बाद ही पूरा कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**राजेश साहू,** टीआई थाना भट्ठी

# 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आया मजदूर झुलसा

**जगदलपुर/बस्तर।** बस्तर थाना क्षेत्र के बस स्टेण्ड के करीब नवनिर्मित भवन में काम कर रहा मजदूर 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से काम कर रहा एक श्रमिक झुलस गया। वहीं साथी श्रमिक बाल बाल बच गए। मकान मालिक की लापरवाही का खामियाजा श्रमिक को भुगतना पड़ा। झुलसे श्रमिक को बस्तर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत बस्तर के बस स्टेण्ड स्थित नव निर्मित भवन में प्लास्टर कार्य के दौरान 11 केवी हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक बुरी तरह से झुलस गया था। उसे गंभीर अवस्था में प्राथमिक

■ निर्माणाधीन मकान में कर रहा था काम, बाल बाल बचे साथी श्रमिक

उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। मजदूर का नाम कांतो भतरा 19 वर्ष ग्राम कोकड़ागुड़ा नवरगंपुर ओडिशा निवासी बताया जा रहा है जो ओडिशा से अन्य मजदूर साथियों के साथ काम करने आया हुआ था।



भवन से लगकर ही 11 केवी हाईटेंशन तार गुजर रहा था। शनिवार को कांतो जब अन्य मजदूरों के साथ उपरी मंजिल की ओर जा रहा था। सीड़ियों में पानी बह रहा था तभी लगभग दो मीटर दूर से ही तार की ओर खिंचता चला गया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर बाकी मजदूर वहीं रूक गए नहीं तो सभी करंट की चपेट में आने से बच गए। आनन फानन में झुलस कांतो को बस्तर अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेकाज रेफर कर दिया गया। मकान मालिक व विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। 11 केवी हाईटेंशन तार व पोल मकान से लगे होने के बाद भी निर्माण कार्य बंद नहीं कराया गया जिसका खामियाजा निर्दोष मजदूर को भुगतना पड़ा। बस्तर थाना प्रभारी हर्ष कुमार धुरधंर ने बताया कि करंट से झुलसे मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद डिमरापाल में रेफर किया गया है।

# अवैध लट्ठा लोड पिकअप लकड़ी मिल से जब्त वन अधिकारियों ने मिल को किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

मुखबिर से अवैध लकड़ी खपाने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने संभाग मुख्यालय स्थित एक लकड़ी मिल में छापा मारा तो संचालक की मनमानी देख वन अधिकारी हैरान रह गए। लकड़ी मिल से अधिकारियों ने लट्ठा लोड एक पिकअप को जब्त किया है। मिल से भारी मात्रा में अवैध चिरान जब्त हुआ है। अधिकारियों ने लकड़ी मिल को सील कर दिया है।

संभाग मुख्यालय में संचालित लकड़ी मिल राजनीतिक संरक्षण में धड़ल्ले से अवैध लकड़ी खपा रहे हैं। लकड़ी तस्करों ने जंगल से हरे-भरे पेड़ों को काटने, जंगल से मिल तक सुरक्षित परिवहन करने एवं मिल में पहुंचते ही अवैध लकड़ी को चिरान बनाकर महंगे दामों पर खपाने के नाम पर कारोबारियों को कमीशन देने तक के लिए बड़ी चेन बना रखी है। एक महीने पूर्व वन अधिकारियों को लकड़ी मिल संचालकों के इस बड़े षड्यंत्र की भनक लगी तो अधिकारियों ने वन सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं मुखबिरों को सक्रिय किया। मुखबिरों द्वारा कन्या परिसर मार्ग में संचालित रामप्रसाद अग्रवाल के लकड़ी मिल में वन परिक्षेत्र उदयपुर से अवैध लट्ठा परिवहन की सूचना पर वन अमले ने लट्ठा लोड पिकअप का पीछा किया लेकिन उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिली। वर्तमान में चल रही वनरक्षकों की भर्ती में अधिकांश वनकर्मियों की ड्यूटी लगने के कारण तस्कर बेखौफ होकर लगातार अवैध लट्ठे का परिवहन कर रहे हैं। रोज की तरह रविवार को भोर में दो पिकअप में अवैध लट्ठा लोडकर दो चालक जैसे ही अम्बिकापुर स्थित लकड़ी मिल के लिए निकले मुखबिर ने वन अधिकारियों को सूचना दे दी।

### वन कर्मियों की भूमिका की होगी जांच

वन कर्मियों की मिलीभगत के बिना इस तरह की तस्करी संभव नहीं है लिहाजा विभाग मामले में वनकर्मियों की भूमिका की भी जांच कर रहा है। अभी तक यह खुलासा नहीं हो सका है कि लकड़ी मिल में किस जंगल की लकड़ी खपाई जा रही थी। वन अधिकारी विभिन्न मुद्दों की जांच कर रहे हैं। फिलहाल अवैध लकड़ी खपाने वाले मिल को सील कर दिया गया है। भविष्य में उसका लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही दंडात्मक कार्रवाई होने की संभावना है।

### मामूली बात पर की मारपीट व दी जान से मारने की धमकी

**कांकेर।** नगर के सुभाषवार्ड में युवक के साथ मामूली बात को लेकर व ग्राम हाटकोंगेरा में लिफाफा की बात को लेकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे सुभाषवार्ड कांकेर निवासी 30 वर्षीय सचिन कुमार मण्डावी पिता परदेशी राम मण्डावी ने पुलिस को बताया कि 6 दिसंबर को शाम 6 बजे पान दुकान में गुटखा लेने गया था। तभी बाहर से आकर इधर-उधर घुम-धुम के रहने वाले घनश्याम गिरी गोस्वामी मुझे ये कहा कि किसका बर्थ-डे मना रहा है। तो मैने कहा कि मेरे भांजा का बर्थ-डे है, मेरे द्वारा ऐसा कहने पर आरोपी घनश्याम गिरी गोस्वामी मुझे आदिवासी जानते हुए भी तुम लोग कभी नहीं सुधरोगे कहते हुए गाली देने लगा। गाली देने से मना किया मना किया तो हाथ-थप्पड़ से कान के पास जोर से मारा, जिससे मेरे कान के पास दर्द हो रहा है। उसके बाद मेरे घर के पास में आकर भी जातिगत गाली गलौज करने लगा व जान से मारने की धमकी दिया, जिससे मै डरा हुआ हूं।

# साढ़े चार लाख का गांजा जब्त, इधर तस्करी के केस में दो लोगों को सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने हाईवे 353 में जोरातराई चौक आंवराडबरी में एक मोटर साइकिल सवार से 29 किलो गांजा बरामद किया है। आरोपी गांजा लेकर राजधानी की ओर जा रहा था इसी दौरान वाहन चेकिंग के दौरान खल्लारी पुलिस द्वारा बाइक की तलाशी ली गई जिसमें उसके कब्जे से 29 किलो गांजा मिला जिसकी कीमत तकरीबन साढ़े 4 लाख रुपए आंकी गई है।



खल्लारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चेकिंग के दौरान ओड़िशा की ओर से आ रही दोपहिया वाहन क्रमांक ओडी 26 बी 2760 को रोककर तलाशी ली गई। आरोपी के पास रखे बैग व थैले में 29 किलो गांजा पाया गया। जिसे लेकर आरोपी ओडिशा से राजधानी रायपुर की ओर जा रहे थे। नाम-पता पूछने पर आरोपियों में से एक ने अपना नाम मानव भोई पिता गजेंद्र भोई (24) निवासी कंडेतारा और दूसरे ने दुष्यंत बाघ पिता जयुधर बाघ निवासी दोनों कंडेतरा थाना कोमना जिला नुवापड़ा ओड़िशा बताया। उन्हें उक्त गांजा तस्करी के अपराध के तहत गिरफ्तार किया गया और आरोपियों के खिलाफ 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### कार्रवाई में यह रहे शामिल

कार्रवाई में थाना खल्लारी प्रभारी शैलेंद्र नाग, एएसआई पंकज बाघ, आरक्षक हीरालाल अकोनिहा, दिनेश जायसवाल, गेनधर साहू, शुभम पांडे एवं साइबर टीम महासमुंद का विशेष योगदान रहा।

# लेनदेन को लेकर हत्या, आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

उधारी रकम वापस मांगने पर हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम मर्रा निवासी पालेश्वर सिंह ने शिकायत किया कि ग्राम मर्रा के मनीराम यदु ने त्रिलोकी ठाकुर और सियाराम ठाकुर गौठान में बैठकर बातचीत कर रहे थे। तभी मनीराम ने त्रिलोकी ठाकुर से 600 रुपए उधारी लिया था। जिसे त्रिलोकी ठाकुर के मांगने के लिए मनीराम के पास गया था। लेकिन मनीराम ने उदारी रकम वापस अभी नहीं लौटाने की बात कही थी लेकिन त्रिलोकी



अपना रुपए मांग रहा था। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद दो बढ़ता देख सियाराम ठाकुर दोनों को छुड़ाकर अपने अपने घर भेज दिया। मनीराम यदु अपने घर जा रहा था। तभी पीछे त्रिलोकी ठाकुर भी उसके घर पहुंच गया। रुपए मांगने लगा फिर दोनों में विवाद बढ़ गया। आक्रोश में आकर मनीराम यदु ने मकान के भीतर पड़े लाठी उठाकर त्रिलोकी के सिर पर दे मारा। हमला से त्रिलोकी ठाकुर बेहोश हो गया। जिसे मनीराम घसीटते हुए ले जाकर घर के पास पैरावट के पास रख दिया। जिसे तुरंत उपचार के लिए उतई अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# तीन दिन के लिए कांकेर रोड में भारी वाहन बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी से कांकेर रोड में सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रुट नगरी सिहावा की ओर से डायवर्ट किया गया है लेकिन धमतरी में किसी प्रकार डायवर्सन नहीं होने के कारण ड्राइवर कंफ्यूज हो रहे हैं। जिन्हें प्रतिबंध की जानकारी है, वे तो धमतरी से ही अपना मार्ग बदल ले रहे हैं लेकिन जिन्हें जानकारी नहीं है धमतरी क्रॉस कर आगे निकल रहे हैं। इन वाहनों को पुरूर से डायवर्ट किया जा रहा है।

कांकेर रोड स्थित राजाराव पठार में हर साल विराट वीर मेला लगता है। इस मेले में प्रदेशभर से लोग एकत्रित होते हैं। जिसके चलते राजाराव पठार में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ती है। रविवार से



वीर मेला शुरू हो गया है। उमड़ने वाली भीड़ का अंदाजा लगाते हुए पुलिस इस मार्ग पर बड़े एवं भारी मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस मार्ग पर सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इन वाहनों को सिहावा चौक से नगरी सिहावा की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। इन वाहनों को सिहावा चौक से नगरी होते हुए कोंडागांव केशकाल भेजा रहा है।

उधर से आने वाले भारी वाहनों को भी इसी रूट से रायपुर की ओर भेजा जा रहा है। राजनांदगांव, दुर्ग भिलाई के लिए वाहनों को माकड़ी चौक से भानुप्रतापुर-डौण्डी-दल्लीराजहरा-राजनांदगांव होते हुए दुर्ग भिलाई रायपुर रवाना किया जा रहा है।

### पहले भी थी समस्या

कांकेर रूट को लेकर पहले से समस्या है। यहां पर केशकाल घाटी में काम चलने से वाहनों को सिहावा धमतरी की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। 10 नवंबर से यह मार्ग बंद है। अब इसकी तिथि और बढ़ा दी गई है। उल्लेखनीय है कि सिहावा धमतरी मार्ग बस्तर से आने के लिए अच्छा विकल्प है लेकिन इस मार्ग की हालत काफी खराब है। वाहन चालकों ने बताया कि इस मार्ग का सुदृढ़ीकरण कर दिया जाए तो नेशनल हाईवे में ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो जाएगा। लोगों को सुविधा भी मिलेगी।


**homefirst** We'll take you home

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक जमानतदार के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03-12-2024 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 03-12-2024 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है :

| क्र. सं. | खाते, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग सूचना की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | इंदिरा बाई धृतलहरे, तेजस्वी धृतलहरे | फ्लैट नं.-ईडब्ल्यूएस-1314, ब्लॉक नं.-83, सीजीएचबी बोरियाकला, भू तल, बोरियाकला, रायपुर 492001 चौहद्दी-उत्तर: मकान क्रमांक 1300, दक्षिण:मकान क्रमांक 1316, पूर्व: खुली जगह, पश्चिम: मकान क्रमांक 1313 | 3,72,227 |

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपरोक्त राशि ब्याज और लागत के साथ चुकाएं, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं-(1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को जारी करने के लिए पट्टे, बिक्री के असाइनमेंट के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार शामिल हैं (2) पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करना।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित संपत्ति को होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर
दिनांक: 09-12-2024

द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा महाकुंभ

# महाकुंभ : भक्तों के लिए चलेंगी 13 हजार से अधिक गाडियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज क्षेत्र में महाकुम्भ-2025 के लिए की जा रही तयारियों का रविवार को अवलोकन किया। केंद्रीय रेल मंत्री ने प्रयागराज में सबसे पहले झूंसी रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों एवं महाकुंभ -2025 की तैयारियों का निरीक्षण किया तत्पश्चात झूंसी स्टेशन के निकट गंगा नदी पर प्रयागराज – वाराणसी रेल मार्ग दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत बने नए ब्रिज संख्या -111 का निरीक्षण किया। केंद्रीय रेल मंत्री ने निरीक्षण के अगले क्रम में पुनर्विकास योजना के अंतर्गत फाफामऊ स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो का जायजा लिया ओर संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इसी क्रम



में उन्होंने प्रयाग जं स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सेवा एवं यात्री हितों की दिशा में किए जा रहे सभी रेल कार्यों तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा इस विषय में संबंधितों को महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मेला अवधि में इन स्टेशनों पर यात्री सुविधा संबंधी,आपातकालीन,चिकित्सा तथा आकस्मिक सेवा संबंधी, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण संबंधी, यात्री सुरक्षा एवं संरक्षित तथा समयानुसार गाड़ी परिचालन संबंधी सभी व्यवस्थाओं का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। रेलमंत्री ने मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन की नीतियों एवं मेला के सुगम और सुचारु रूप से संचालन करने की दिशा में किए जाने वाले अन्य प्रयासों के विषय में भी क्रमबद्ध रूप से जानकारी प्राप्त की।

### सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था का देखा प्रेजेंटेशन

रेल मंत्री ने यात्री आश्रय में खानपान, प्रकाश, पेयजल, चिकत्सा बूथ, जन सुविधाएँ, सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी रेलवे की तरफ से कैसे होगी, उसका प्रेजेंटेशन देखा। महाकुंभ -2025 के दौरान स्टेशन पर यात्रियों के प्रवेश और निकास योजना पर जानकारी के साथ स्टेशन पर यात्रियों को दिशावार यात्रानुसार गेट से प्रवेश से लेकर गाड़ी तक भेजने की व्यवस्था, यात्रियों को टिकट काउंटर पर भेजना, यात्रियों को टिकट उपलब्ध करवाना, सही गाड़ी की जानकारी देना, भीड़ को नियंत्रित करना, यात्रियों के प्लेटफ़ॉर्म पर पहुँचने पर उन्हें सुरक्षित रूप से गाड़ी के अंदर भेजना और गाड़ी में पर्याप्त यात्री हो जाने पर गाड़ी को प्रस्थान करवाने के लिए प्लेटफार्म से कंट्रोल टावर को सूचना भेजना और अन्य विभागों से समन्वय की कार्यप्रणाली पर भी जानकारी ली।

### मेला टॉवर का भी किया निरीक्षण



रेल मंत्री ने निरीक्षण के अगले क्रम में 18 स्क्रीन से सुसज्जित सीसीटीवी कक्ष युक्त मेला टॉवर का निरीक्षण किया। मेला टॉवर से भीड़ नियंत्रण, गाड़ियों का आगमन-प्रस्थान, सिविल प्रशासन के साथ समन्वय, आपात स्थिति से निपटना, यात्रियों की सहायत इत्यादि जैसे कार्यों को किया जाता है। मेला टॉवर के सीसीटीवी कक्ष में प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों और सिविल एरिया के सीधे प्रसारण को देखकर नियंत्रण और निर्देश की प्रणाली स्थापित की गयी है।

## खबर संक्षेप

### पंजाबः तीन दिन की पुलिस हिरासत में चौरा

चंडीगढ़। पंजाब में अमृतसर की एक अदालत ने स्वर्ण मंदिर के द्वार पर शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता सुखबीर सिंह



बादल पर गोली चलाने वाले नारायण सिंह चौरा की पुलिस हिरासत की अवधि रविवार को तीन दिन के लिए बढ़ा दी। स्वर्ण मंदिर में बुधवार को चौरा ने बादल पर गोली चलाने का प्रयास किया था, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया था। कड़ी सुरक्षा के बीच 68 वर्षीय चौरा को अमृतसर की अदालत में पेश किया गया, क्योंकि उसकी तीन दिन की हिरासत रविवार को समाप्त हो रही थी।

### कोलंबिया : मोटरसाइकिल में धमाका, एक की मौत

**बोगोटा (कोलंबिया)।** दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में शनिवार को पुलिस जांच चौकी पर विस्फोटक सामग्री से लदी मोटरसाइकिल में विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात पुलिसकर्मी समेत 14 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कैली मेट्रोपॉलिटन पुलिस के कमांडर कर्नल कार्लोस ओविएडो ने संवाददाताओं को बताया कि अधिकारी अवैध सशस्त्र समूहों द्वारा अंजाम दी जाने वाली संभावित हिंसा को रोकने के लिए जमुंडी शहर में जांच कर रहे थे। ओविएडो ने बताया कि जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने के लिए कहा गया लेकिन वह 'डर गया' और उसने मोटरसाइकिल पर लदी विस्फोटक सामग्री में धमाका कर दिया।

### समूह महाप्रबंधक रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के समूह महाप्रबंधक को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में भुवनेश्वर से




गिरफ्तार किया। रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। सीबीआई ने कथित तौर पर रिश्वत दे रहे एक निजी कंपनी के निदेशक को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही धन के लेन-देन में मदद करने के लिए वहां मौजूद एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने वरिष्ठ अधिकारी पर कार्य का आदेश और बिल को मंजूरी देने में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया।

### घाना की सत्तारूढ़ पार्टी उम्मीदवार ने राष्ट्रपति चुनाव में हारी

**अकरा (घाना)।** घाना के उपराष्ट्रपति एवं सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार महामुदु बावुमिया ने रविवार को पश्चिम अफ्रीकी देश के कड़े मुकाबले वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा से हार स्वीकार कर ली। आधिकारिक घोषणा से पहले, बावुमिया ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि घाना के लोगों ने बदलाव के लिए मतदान किया है और वह इस निर्णय का 'पूरी विनम्रता के साथ' सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने महामहिम जॉन महामा को घाना गणराज्य के निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में बधाई देने के लिए अभी-अभी फोन किया।'

## अब साथी दल बिदकते नजर आ रहे हैं कांग्रेस से

# दिल्ली और बिहार चुनाव के बाद ममता के नेतृत्व में आकार ले सकता है तीसरा मोर्चा

*कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अभी हरियाणा में हार के महीनों बाद भी विधानसभा में विधायक दल का नेता नहीं चुन पा रहा। नया प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा, इस पर फैसला नहीं कर पा रहा! ऐसे ही फैसले महाराष्ट्र के लिए टलते जा रहे हैं। इस बीच अब साथी दल भी बिदकते नजर आ रहे हैं। संसद के अंदर भी इसका असर दिखने लगा है। संसद के बाहर तीसरे मोर्चे की पतीली मद्धिम आंच पर चढा दी गई है।*

### देश में विपक्षी राजनीति के करवट बदलने के मिल रहे संकेत

शिशिर सोनी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जीत जाते हैं और बिहार में फिर से कांग्रेस की दुर्गति होती है तो देश में विपक्षी राजनीति तेजी से करवट लेती नजर आएगी। तीसरे मोर्चे का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करेंगी। उन्होंने भी खुलकर चाहत जता दी है। ये बात अलग है कि उन्होंने इंडिया गठबंधन को नेतृत्व करने की इच्छा जतायी है,



मगर उन्हें ये भी पता है कि कांग्रेस पार्टी ये होने देगी इसकी संभावना ना के बराबर है इसीलिए उन्होंने पहले से अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, जगनमोहन रेड्डी, के. चंद्रशेखर राव का साथ आने के लिए तैयार कर लिया है। बिहार चुनाव में परिणाम के आंकलन के बाद तेजस्वी यादव भी कांग्रेस से बेरुखी दिखा सकते हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता जल्द ही कोलकाता जाकर ममता बनर्जी से मुलाकात करने वाले हैं। संसद में अडानी मामले में कांग्रेस का साथ नहीं दिये जाने की सार्वजनिक घोषणा कर ममता बनर्जी ने पहले ही स्पष्ट संकेत दे दिया है। उनके विश्वस्त सांसद कल्याण बनर्जी ने हरिभूमि से कहा, ममता बनर्जी कोलकाता में रहकर विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने को तैयार है।

### क्षेत्रीय दलों पर कांग्रेस की निर्भरता बढी पर ठसक वही

*साथी दलों के बीच धारणा बन रही है कि सीधा मुकाबला जहां भी भाजपा से कांग्रेस का होता है वहां कांग्रेस की दुर्गति हो रही है। दक्षिण के राज्यों का मामला अपवाद है। दूसरा निष्कर्ष यह है कि कांग्रेस अब लगभग पूरी तरह से सहयोगी पार्टियों पर आश्रित हो गई है। तीसरा निष्कर्ष यह है कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस का मनोबल लौटा तो उसने सहयोगी पार्टियों को दबाने का सिलसिला शुरू कर दिया, जिसका अनिवार्य नतीजा महाराष्ट्र की हार है। कांग्रेस की इस जबरदस्ती में सीटों की बंदरबांट हुई। शरद पवार भी जरुरत से ज्यादा सीटें ले गए और उद्धव ठाकरे की शिव सेना को कांग्रेस से नीचे कर दिया गया। कांग्रेस ने दूसरी गलती यह कर दी कि उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया। शरद पवार के कहने के बावजूद ऐसा नहीं किया गया। इससे शिव सैनिकों के साथ साथ कट्टर हिंदू वोट भी महाविकास अघाड़ी से दूर हटे और वे भाजपा व उसके गठबंधन के साथ चले गए।*

### कांग्रेस को भाजपा से मुकाबला में फेल मान रहे हैं क्षेत्रीय दल

*महाराष्ट्र में 75 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा का आमने सामने का मुकाबला हुआ था। इसमें से कांग्रेस सिर्फ 10 सीट जीत पाई। वह 65 सीटें न सिर्फ हारी, बल्कि उनमें से 07 सीटें ऐसी हैं, जिन पर वह दूसरे स्थान पर भी नहीं रही। यानी कम से कम 07 सीटों पर महाराष्ट्र के मतदाताओं ने भाजपा के मुकाबले कांग्रेस को दूसरे नंबर की पार्टी भी नहीं माना। इससे पहले हरियाणा में भी आमने सामने के मुकाबले में भाजपा ने लगातार तीसरी बार कांग्रेस को हराया और अपनी सरकार बनाई। इसी तरह जम्मू कश्मीर में कांग्रेस सिर्फ 07 सीट जीत पाई। उसमें भी जम्मू क्षेत्र में जहां उसका सीधा मुकाबला भाजपा से था वहां उसे सिर्फ 01 सीट मिली। बाकी 06 सीटें उसने कश्मीर घाटी में जीती। झारखंड में भी गठबंधन की तीन बड़ी पार्टियों में सबसे खराब स्ट्राइक रेट कांग्रेस का रहा। वह 30 सीटों पर लड़ी और 16 पर जीती, जबकि हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा 41 सीटों पर लड़ कर 34 सीटों पर जीती और राजद ने 06 सीटों पर लड़ कर 04 पर जीत हासिल की।*

# जयराम ने सोशल मीडिया के मार्फत मांगे विदेश मंत्री से जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के चीन को लेकर शुक्रवार को दिये गये आधिकारिक बयान के बाद विपक्ष की ओर से स्पष्टीकरण पूछे जाने का समय सभापति जगदीप धनखड ने नहीं दिया तो कांग्रेस पार्टी के महासचिव, संचार विभाग के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने सोशल मीडिया के मार्फत अपनी पार्टी की बात सार्वजनिक तौर पर देश के सामने रखी। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने चीन के साथ भारत के संबंधों में हालिया डेवलपमेंट पर संसद के दोनों सदनों में विदेश मंत्री द्वारा अपनी ओर से दिए गए बयान



का गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन मोदी सरकार की चिर-परिचित राजनीति का हिस्सा है, कि सांसदों को किसी तरह की स्पष्टीकरण की मांग नहीं करने दी गई। संसद को चीन के साथ सीमा पर चुनौतियों से निपटने के सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित करने का अवसर नहीं दिया गया।

### भारत-चीन पर सरकार से सवाल

1. गलवान घाटी को लेकर पहला आधिकारिक बयान 19 जून 2020 को तब आया जब प्रधानमंत्री ने चीन को क्लीन चिट दी थी कहा था, न कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है। यह न सिर्फ़ हमारे शहीद सैनिकों का अपमान था बल्कि इससे बाद की बातचीत में भारत की स्थिति भी कमजोर हुई। आख़िर वो कौन सी बात थी जिसने प्रधानमंत्री को यह बात जोर देकर बोलने के लिए मजबूर किया?
2. 22 अक्टूबर 2024 को सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने भारत की दीर्घकालिक स्थिति को दोहराया। अप्रैल 2020 की पूर्व की स्थिति पर हम वापस जाना चाहते हैं... उसके बाद हम सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने और सीमा पर नॉर्मल मैनेजमेंट की बात करेंगे। लेकिन, 5 दिसंबर 2024 को भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र की 32वीं बैठक के बाद विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि "दोनों पक्षों ने सबसे हालिया विघटन समझौते के कार्यान्वयन की सकारात्मक पुष्टि की है जो 2020 में उभरे मुद्दों का समाधान करने वाला है। क्या इससे हमारे आधिकारिक पोजीशन में बदलाव का पता नहीं चलता?

## द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की होगी समीक्षा

# बहरीन पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर मनामा डायलॉग में होंगे शामिल

### दो दिवसीय दौरे पर विदेश मंत्री, मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| मनामा

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर दो दिवसीय बहरीन दौरे पर पहुंच गए हैं। जहां वे मनामा डायलॉग और चौथे भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग (एचजेसी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मनामा डायलॉग में हिस्सा लेने के लिए बहरीन के मनामा पहुंच गए हैं। उनका स्वागत बहरीन के विदेश मंत्री ने किया। इसे लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में



जानकारी साझा की है। उन्होंने लिखा, मनामा पहुंचकर बहुत खुशी हो रही है। अपने भाई विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़ायनी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। कल मनामा डायलॉग में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं।

### विदेश मंत्री 8 दिसंबर को बहरीन में

आईएसएस मनामा डायलॉग के 20वें संस्करण में भी भाग लेंगे। इस वर्ष मनामा डायलॉग का विषय है 'क्षेत्रीय समृद्धि और सुरक्षा को आकार देने में मध्य पूर्व का नेतृत्व। भारत और बहरीन के बीच सौहार्दपूर्ण राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्कों की विशेषता वाले उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंध हैं। दोनों देशों के बीच कई उच्च स्तरीय बातचीत हुई है जो दोनों देशों के बीच संबंधों की निकटता को दर्शाती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बहरीन भारत के साथ अधिक से अधिक आर्थिक जुड़ाव की तलाश करने का इच्छुक है क्योंकि बहरीन बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्व और क्षमता को पहचानता है और हाल के दिनों में इसकी पूर्व की ओर देखो नीति में भारत एक प्रमुख धुरी के रूप में है। दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग है।

## पहाड़ों में बर्फबारी...



**शोपियां।** उत्तरी कश्मीर के शोपियां जिले में रविवार को पीर की गली में बर्फबारी। गौरतलब है, पहाड़ों में बर्फबारी तेज हो गई है। मौसम सुहाना हो गया है।

### पीएम मोदी आज करेंगे बीमा सखी योजना का आगाज

**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली।** महिलाओं को सशक्त करने की विभिन्न योजनाओं के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हरियाणा के पानीपतमें 'बीमा सखी योजना' की शुरुआत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें वित्तीय रूप से मजबूत बनाना है। यह योजना भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से संचालित की जाएगी। बीमा सखी अगर स्नातक हैं और अच्छा परफार्म करेंगी तो उन्हें एलआईसी में डेवलपमेंट ऑफिसर की नियुक्ति का रास्ता भी खुलेगा। महिलाओं के लिए बीमा सखी योजना गेम चेंजर साबित होगा। 'बीमा सखी योजना' 18 से 70 वर्ष की 10वीं पास महिलाओं के लिए डिज़ाइन की गई है।

## 30 से अधिक देशों से 1 लाख स्वयंसेवकों की रही भागीदारी

# दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बीएपीएस का अभूतपूर्व समारोह, पीएम बोले- ये कर रहे मानवजाति का हित

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

बीएपीएस संस्था के अंतरराष्ट्रीय कार्यकर्ता स्वर्ण महोत्सव का समापन समारोह विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। समापन समारोह में सेवा, समर्पण और गुरुभक्ति से ओतप्रोत एक लाख से अधिक कार्यकर्ताओं का भव्य अभिनंदन किया गया। एक लाख प्री-प्रोग्राम्ड रिस्ट बैंड्स, 2000 परफॉर्मर्स की प्रस्तुती हुई। एक लाख कार्यकर्ताओं के सामूहिक आरती से अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम जगमगा उठा। कार्यकर्ता स्वर्ण महोत्सव के उत्सवगीत ने सभी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। सेवा की परम ज्योति महान की गूंज के साथ एक भव्य पुष्प अपनी आकर्षक पंखुड़ियों के साथ खिला और यह प्रस्तुति अत्यंत सुंदर थी। इसके अलावा विशाल आकार में 'स्वागतम' शब्द को कलाकारों ने सुंदर आकृति में प्रदर्शित किया।

दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बीएपीएस के भव्य और दिव्य समारोह ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीएपीएस की कार्यकर्ता शक्ति मानवजाति के हित के लिए है। बीएपीएस के कार्यकर्ता दुनिया में भारत के प्रभाव को उजागर कर रहे हैं।



### पीएम मोदी ने बताया सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक



इस समारोह को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश में कहा कि बीएपीएस की कार्यकर्ता शक्ति मानवजाति के हित के लिए है। बीएपीएस के कार्यकर्ता दुनिया में भारत के प्रभाव को उजागर कर रहे हैं। बीएपीएस के मंदिर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में अबू धाबी में बीएपीएस द्वारा निर्मित मंदिर ने दुनिया को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का परिचय दिया है।

### स्वामी महाराज के आशीर्वाद से हर जगह विजय है- शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज यहां प्रमुख स्वामी महाराज के आशीर्वाद से हर जगह विजय है। प्रमुख स्वामी महाराज ने कई परिस्थितियों में मुझसे कहा है कि भगवान सब अच्छा करेंगे और वह शक्ति हमेशा मेरे साथ रही है। देश-विदेश में 1200 से अधिक मंदिरों का निर्माण करके प्रमुख स्वामी महाराज ने भारतीय संस्कृति को जीवित रखने का कार्य किया है। मैं शास्त्रीजी महाराज से लेकर महंत स्वामी महाराज तक की गुरु परंपरा को दिल से वंदन करता हूं। वहीं, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने कहा कि यह कार्यक्रम नए भारत के निर्माण का प्रेरक उत्सव है। बीएपीएस संस्था पूरे विश्व में भगवान स्वामिनारायण के कार्यों और सनातन हिंदू धर्म के प्रचार का महान कार्य कर रही है।

## एंबुलेंस के लिए नहीं थे पैसे

# भाई के शव को टैक्सी की छत पर बांधकर ले गई बहन

एजेंसी ▶▶| हल्द्वानी

इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना में यहां एक गरीब युवती को एंबुलेंस के लिए पैसे न होने के कारण अपने भाई के शव को टैक्सी की छत पर बांधकर पिथौरागढ़ जिले में स्थित अपने गांव तक ले जाना पड़ा। हालांकि, घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं और अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बेरीनाग के एक गांव की रहने वाली शिवानी (22) अपने छोटे भाई अभिषेक (20) के साथ



हल्द्वानी के हल्दूचौड़ में एक कंपनी में काम करती थी। पुलिस ने बताया कि अभिषेक शुक्रवार को सिर में दर्द होने की बात कहते हुए काम से जल्दी घर आ गया और बाद में वह रेलवे पटरी के पास बेसुध मिला जिसके बाद उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**खबर संक्षेप**

## सीएट का कैमसो ब्रांड के लिए मिशेलिन से समझौता




**मुंबई।** आरपीजी समूह की टायर बनाने वाली कंपनी सीएट ने कहा कि उसने कैमसो ब्रांड के ऑफ-हाइवे टायर (ओएचटी) के अधिग्रहण के लिए मिशेलिन के साथ एक निश्चित समझौता किया है तथा उसकी नजर लगभग 22.5 करोड़ डॉलर (1,905 करोड़ रुपये) के कारोबार पर है।

## आधार हाउसिंग का 25,000 करोड़ से अधिक का एयूएम

Aadhar Housing Finance Ltd — GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.

**नई दिल्ली।** किफायती घरों को सेवाएं देने वाली कंपनी आधार हाउसिंग फाइनेंस को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक उसकी प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 25,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगी। 'हमने पहली छमाही को 22,817 करोड़ रुपये (30 सितंबर, 2023 को 18,885 करोड़ रुपये से) के एयूएम के साथ बंद किया।

## टॉरेंट पावर ने क्यूआईपी से जुटाए 3,500 करोड़ रुपए

torrent POWER

**नई दिल्ली।** बिजली कंपनी टॉरेंट पावर ने पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) के जरिये 1,503 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 2.32 करोड़ शेयर जारी कर 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस निर्गम में शेयरों के आवंटन के हिसाब से कंपनी की चुकता शेयर पूंजी 480.62 करोड़ रुपये से बढ़कर 503.90 करोड़ रुपये हो गई है।

## बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और एचडीएफसी लाभ में




**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह का कुछ बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 2,03,116.81 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,906.33 अंक या 2.38 फीसदी उछला और एनएसई निफ्टी 546.7 अंक या 2.26 फीसदी चढ़ा।

## अदाणी के साथ चर्चा के लिए तैयार केरल : मंत्री

**मुंबई।** केरल के विधि, उद्योग और कॉयर मंत्री पी राजीव ने कहा कि



राज्य अदाणी समूह के साथ किसी भी नई परियोजना पर चर्चा करने के खिलाफ नहीं है और ऐसा तभी किया जाएगा जब दोनों पक्षों के लिए मुनाफे वाली स्थिति होगी और इससे राज्य के लोगों को भी लाभ होगा। पी राजीव ने कहा कि राज्य कोई भी ऐसा बड़ा उद्योग लगाने का इच्छुक नहीं है, जिससे प्रदूषण तंत्र को नुकसान पहुंचे।

## यम रेस्टोरेंट ने 162 करोड़ रुपए का मुनाफा किया दर्ज




**नई दिल्ली।** यम रेस्टोरेंट (इंडिया) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 162.04 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया, जबकि इस दौरान उसका परिचालन राजस्व 6.6 प्रतिशत बढ़कर 689.93 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय बाजार में पिज्जा हट और केएफसी जैसे ब्रांडों का स्वामित्व रखने वाली यम रेस्टोरेंट ने कंपनी पंजीयक (आरओसी) को यह जानकारी दी। यम रेस्टोरेंट (इंडिया) की कुल आय 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 13.4 प्रतिशत बढ़कर 832.05 करोड़ रुपये हो गई।

# भारत विश्व में अरबपतियों की संख्या में तीसरे नंबर पर पहुंचा, बेशुमार बढ़ी संपत्ति

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के अरबपतियों की संपत्ति में सालभर में ही 42 फीसदी की उछाल है। माना जा सकता है कि अरबपतियों की संपत्ति में इतना इजाफा देशवासियों के रोजगार, विकास और समृद्धि के सपनों को उड़ान भरने की भी ताकत देगा। दुनिया में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे नंबर पर सबसे अधिक 185 अरबपति भारत में हैं।

एक तरफ भारत में रोजगार का संकट है और रुपया डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है। महंगाई के कारण लोगों का जीवन स्तर लगातार गिर रहा है। समय-समय पर जारी होने वाले आंकड़ों के हवाले से ऐसी रिपोर्ट आती रहती हैं जिससे लगता है कि भारत में अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है। हालांकि इसी बीच अरबपतियों के बढ़ने की रिपोर्ट मन को सुकून दे सकती है।

**देश में अरबपतियों की संपत्ति सालभर में 42 फीसदी उछली**

### भारत का अगला दशक अरबपतियों का होगा

यूबीएस की रिपोर्ट बताती है कि भारत का अगला दशक अरबपतियों का होगा। इस दौरान अरबपतियों की संख्या में काफी वृद्धि होगी। भारत में 108 पब्लिकली लिस्टेड पारिवारिक बिजनेस हैं, जिन्होंने अरबपतियों की संख्या में भारत को तीसरे नंबर पर पहुंचाया है। तेजी से शहरीकरण, डिजिटलीकरण, मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर का विस्तार और एनर्जी सेक्टर इस रफ्तार को बढ़ा रहे हैं। अनुमान है कि अगले दशक में भारत में अरबपतियों की संख्या चीन के बराबर हो जाएगी।



■ अमेरिका और चीन के बाद तीसरे नंबर पर भारत में 185 अरबपति

### अमेरिका में अरबपतियों की संख्या 835

रेटिंग एजेंसी यूबीएस की ताजा बिलिनियर एम्बिशन रिपोर्ट बताती है कि भारत के अरबतियों की संपत्ति में सालभर के भीतर ही 42.1 फीसदी का उछाल आया है। दुनिया में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे नंबर पर सबसे अधिक 185 अरबपति भारत में हैं। अमेरिका में अरबपतियों की संख्या 835 और चीन में 427 है।

### भारत में हर तीन माह में एक अरबपति

इतना ही नहीं भारत में हर तीन महीने में एक नए अरबपति का उदय हो रहा है। सालभर में भारत ने 32 नए अरबपति जोड़े हैं। बिलेनियर अंबिशन्स रिपोर्ट के मुताबिक, यह आर्थिक ऊंचाइयों पर भारत के लगातार झंडा गाड़ने का नतीजा है। इससे पीछे वे नए आईकॉन भी हैं, जिन्होंने पारंपरिक बिजनेस से लेकर नए क्षेत्रों तक में सफलता के झंडे गाड़े हैं।

### कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण इनपुट लागत व परिचालन व्यय में वृद्धि

# जनवरी से कारें हो जाएंगी महंगी, कलपुर्जा विनिर्माताओं ने की मूल्य वृद्धि की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विभिन्न कार मॉडलों की कीमतें बढ़ने वाली हैं क्योंकि वाहन विनिर्माताओं ने जनवरी से कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कार विनिर्माता अगले महीने से कीमतों में बढ़ोतरी लागू करने का मुख्य कारण इनपुट लागत और परिचालन व्यय में वृद्धि बताते हैं।

हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि यह कवायद हर साल दिसंबर में वाहन विनिर्माताओं द्वारा वर्ष के अंतिम महीने में बिक्री की मात्रा बढ़ाने के लिए की जाती है, क्योंकि ग्राहक नए साल में वाहन खरीदने के लिए बाद के महीनों तक खरीदारी स्थगित कर देते हैं।

### कीमतों में बढ़ोतरी के कुछ चक्र

परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार रजत महाजन ने कहा, "हमने भारत में कीमतों में बढ़ोतरी के कुछ चक्र देखे हैं। यह कैलेंडर वर्ष और वित्त वर्ष की शुरुआत में होता है, लेकिन कुछ वाहन मूल कलपुर्जा विनिर्माता (ओईएम) अपने नियोजित लॉन्च के आधार पर भी समय चुनते हैं।

- जनवरी में विभिन्न कार मॉडलों की कीमतें बढ़ने वाली है
- यह कवायद हर साल दिसंबर में वाहन विनिर्माताओं द्वारा बिक्री बढ़ाने की जाती है
- यात्री वाहन उद्योग में विभिन्न मॉडलों पर पहले से ही भारी छूट की पेशकश



*हुंडई 25 हजार तक वृद्धि करने पर विचार कर रही : प्रवेश स्तर की ऑल्टो के10 से लेकर बहुउपयोगी वाहन इनविक्टो तक के मॉडल बेचने वाली कंपनी ने कहा कि वह बढ़ती इनपुट लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है। प्रतिद्वंद्वी हुंडई मोटर इंडिया भी एक जनवरी, 2025 से अपने मॉडल रेंज की कीमतों में 25,000 रुपये तक की वृद्धि करने पर विचार कर रही है।*

*जेएसडब्ल्यू तीन फीसदी तक वृद्धि करेगी*

*इसी प्रकार, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि वह अगले महीने से अपने संपूर्ण मॉडल श्रृंखला की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी लगातार बढ़ती इनपुट लागत और अन्य बाहरी कारकों का नतीजा है।*

### महिंद्रा वाणिज्यक वाहनों में तीन फीसदी कीमत बढ़ाएगी

महिंद्रा एंड महिंद्रा जनवरी से अपने एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि यह समायोजन मुद्रास्फीति और वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों के कारण बढ़ती लागत को देखते हुए किया गया है।

### होंडा कार्स कीमतों में बढ़ोतरी पर कर रही विचार

होंडा कार्स इंडिया भी कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार कर रही है, लेकिन अभी तक इस पर फैसला नहीं हुआ है कि कितनी बढ़ोतरी की जाएगी। लक्जरी कार बाजार की अग्रणी कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया जनवरी से कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की योजना बना रही है।

### ऑडी सभी मॉडलों पर तीन फीसदी कीमत बढ़ाएगी

इनपुट और परिवहन लागत में वृद्धि के कारण ऑडी इंडिया अपने सभी मॉडल रेंज की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। इसी तरह, बीएमडब्ल्यू इंडिया अगले साल जनवरी से अपने मॉडल रेंज की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करने की योजना बना रही है।

# भारतीय लेखापरीक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) के प्रमुख अजय भूषण प्रसाद पांडेय ने कहा कि भारत की लेखापरीक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने से निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अधिक धन आकर्षित करने तथा वित्तीय आंकड़ों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

पांडेय ने कहा कि जब देश का लक्ष्य 'विकसित भारत' बनना है तो 'निम्न मानक' नहीं अपनाए जा सकते। एनएफआरए का गठन अक्टूबर, 2018 में कंपनी कानून के तहत किया गया था। नियामक ने 80 से अधिक आदेश पारित किए हैं। पांडेय ने कहा कि मौजूदा लेखापरीक्षा मानकों में कुछ खामियां हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, कई मानकों को उन खामियों को दूर करने के लिए




- एनएफआरए प्रमुख पांडेय ने कहा, इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा
- अधिक धन आकर्षित करने में मिलेगी मदद

अद्यतन किया गया था जिनके कारण विभिन्न घोटाले हुए थे। भारत में, हमें अभी भी विभिन्न क्षेत्रों में मानकों को बदलना है। पिछले 20 वर्षों में, इनमें से कई मानक दुनिया के अधिकांश हिस्सों में मौजूद हैं। हम विकसित भारत बनना चाहते हैं, और हमारे मानक भी वैश्विक मानकों के अनुरूप होने चाहिए।

### कई महीनों तक विस्तृत चर्चा की गई

पांडेय ने कहा, "कई महीनों तक, हमने आरबीआई, सेबी और सीएजी के साथ विस्तृत चर्चा की क्योंकि तीनों हमारे बोर्ड में प्रतिनिधित्व करते हैं। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि वे दृढ़ता से इस बात पर सहमत थे कि हमें अपने मानकों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना चाहिए। एसए 600 समूह कंपनियों और तीन अन्य लेखापरीक्षा मानकों के लेखापरीक्षा से संबंधित है, जबकि एसए 299 लेखापरीक्षकों की संयुक्त देयता से संबंधित है।


# भारत में एफडीआई निवेश 1,000 अरब डॉलर के पार

- अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1000 अरब डॉलर के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। इससे वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देश की प्रतिष्ठा को मान्यता मिलती है।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी सहित एफडीआई की कुल राशि इस अवधि के दौरान 1,033.40 अरब




अमेरिकी डॉलर रही। आंकड़ों के मुताबिक लगभग 25 प्रतिशत एफडीआई मॉरीशस मार्ग से आया। इसके बाद सिंगापुर (24 प्रतिशत), अमेरिका (10 प्रतिशत), नीदरलैंड (सात प्रतिशत), जापान (छह प्रतिशत), ब्रिटेन (पांच प्रतिशत), यूएई (तीन प्रतिशत) और केमैन आइलैंड्स, जर्मनी और साइप्रस की हिस्सेदारी रही।

*विनिर्माण क्षेत्र में आई अधिक एफडीआई : एक अधिकारी ने कहा कि पिछले दशक (2014-24) में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले दशक (2004-14) की तुलना में 69 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।*

### टाटा पावर 2030 तक करेगी 1.46 लाख करोड़ रुपए निवेश




**नई दिल्ली।** टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि कंपनी 2030 तक अपनी परिचालन क्षमता को दोगुना कर 32 गीगावाट करने के लिए करीब 1.46 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। सिन्हा ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में कंपनी के सेल मॉड्यूल संयंत्र में बातचीत में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में टाटा पावर की स्थापित क्षमता 15.6 गीगावाट थी, जिसमें से 6.7 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की थी। कंपनी के 2030 के लक्ष्यों के बारे में उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य परिचालन क्षमता को 31.9 गीगावाट तक बढ़ाना है, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 23 गीगावाट होगी। सिन्हा ने कहा कि टाटा पावर ऊर्जा क्षेत्र में इस क्षेत्र के लिए देश के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए पारेषण क्षेत्र में भी काम कर रही है।

# अगले सप्ताह 11 कंपनियां लेकर आ रही आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- पांच मुख्य बोर्ड और छह एसएमई कंपनियां होगी
- आईपीओ 18,500 करोड़ रुपये जुटाने की करेगी पेशकश

अगले सप्ताह आईपीओ बाजार में हलचल मचने वाली है। विशाल मेगा मार्ट, टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स जैसी 11 कंपनियां अपने आरंभिक शेयर बिक्री (आईपीओ) के लिए तैयार हैं, जिनका सामूहिक लक्ष्य लगभग 18,500 करोड़ रुपये जुटाना है। इस दौरान पेश किए जाने वाले मुख्य बोर्ड के अन्य आईपीओ में इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड और ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड शामिल हैं। पांच मेनबोर्ड आईपीओ के साथ, छह सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एसएमई) अगले सप्ताह अपने पहले सार्वजनिक निर्गम जारी करने की तैयारी कर रहे हैं। इनका लक्ष्य सामूहिक रूप से 150 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का है। इन 11 कंपनियों का लक्ष्य कुल मिलाकर सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से लगभग 18,500 करोड़ रुपये जुटाना है। ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और सौदा आकार में होंगे और इनमें नए निर्गम और बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल होंगे।

### विशाल,साई व मोबिक्विक का आईपीओ 11 को

विशाल मेगा मार्ट, साई लाइफ साइंसेज और मोबिक्विक के आईपीओ 11 दिसंबर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेंगे और 13 दिसंबर को बंद होंगे। इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस और इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के तीन दिन के आईपीओ क्रमशः 12 दिसंबर और 13 दिसंबर को खुलेंगे।

# विदेशी निवेशकों के रुख पर होगी शेयर बाजार की नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मुद्रास्फीति के आंकड़ों, वैश्विक रुझानों का होगा महत्वपूर्ण रोल

इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों के साथ ही वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से शेयर बाजारों की चाल प्रभावित होगी।

विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि इसके अलावा रुपया-डॉलर विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होगी। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों को वैश्विक संकेतों, घरेलू आर्थिक संकेतकों और विदेशी तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों के रुख से आगे की दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुपये की विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमत जैसे प्रमुख कारक भी बाजार के रुझानों को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गौर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव चुनौतियां पेश करते रहते हैं। हालांकि, डॉलर सूचकांक और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में हालिया गिरावट ने भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाया है।

### बाजार की धारणा हुई सकारात्मक

पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 1,906.33 अंक या 2.38 प्रतिशत उछला, जबकि एनएसई निफ्टी में 546.7 अंक या 2.26 प्रतिशत की बढ़त हुई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि दिसंबर की शुरुआत में एफआईआई के एक बार फिर खरीदारी शुरू करने से बाजार की धारणा सकारात्मक हुई है।

## मांग कमजोर होने से सरसों, सोयाबीन तेल के दाम गिरे



**नई दिल्ली।** विदेशों के साथ साथ स्थानीय मांग कमजोर रहने के बीच बीते सप्ताह देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशों में दाम सुधरने के कारण सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा सस्ता होने के बीच जाड़े की मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ।

## आयात पर निर्भरता कम करने मिले वित्तीय पैकेज

- इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माता संघ ने की पैकेज देने की मांग

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माताओं के संगठन एल्सीना ने कच्चे माल के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 72,500 करोड़ रुपये (8.57 अरब डॉलर) के सहायता पैकेज की मांग की है। एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एल्सीना) का अनुमान है कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में इनपुट की मांग-आपूर्ति का घाटा 2030 तक बढ़कर 248 अरब डॉलर (लगभग 21 लाख करोड़ रुपये) हो जाएगा, जिससे अनुमानित 500 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन की



पूर्ति होगी और इसकी पूर्ति बड़े पैमाने पर आयात से होगी। उद्योग निकाय को उम्मीद है कि गैर-सेमीकंडक्टर घटकों के लिए सरकार का समर्थन देश में घाटे को 146 अरब डॉलर (12.36 लाख करोड़ रुपये) से घटाकर 102 अरब डॉलर (8.63 लाख करोड़ रुपये) करने में मदद कर सकता है।

## पेटीएम ने दी जापानी कंपनी पेपे में हिस्सेदारी बेचने मंजूरी




**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी वन-97 कम्युनिकेशंस ने सॉफ्टबैंक समूह की फिनटेक फर्म, पेपे कॉरपोरेशन में हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दे दी है। पेटीएम के पास पेपे कॉरपोरेशन में 7.2 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पेटीएम ने कहा, 'हमें कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी वन-97 कम्युनिकेशंस सिंगापुर प्राइवेट लि. द्वारा सूचित किया गया है कि उसके निदेशक मंडल ने आज यानी 6 दिसंबर, 2024 को हुई बैठक में पेपे कॉरपोरेशन, जापान में शेयर अधिग्रहण अधिकार (एसएआर) की बिक्री को मंजूरी दे दी है।' पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, जुलाई 2024 में हिस्सेदारी का मूल्य करीब 2,000 करोड़ रुपये था।

**बिजनेस साइट**

## 'रहेजा निर्वाणा फेज-3' का शानदार आगाज़, 64 प्लॉट्स की बुकिंग



**रायपुर।** रहेजा ग्रुप के कचना स्थित प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा निर्वाणा फेज-3' का शानदार आगाज हुआ। तीन दिवसीय लांचिंग कार्यक्रम में ग्राहकों ने विशेष ऑफर्स का लाभ उठाते हुए कुल 64 प्लॉट्स की बुकिंग करवाई, जिससे इस इवेंट को बड़ी सफलता मिली। 'रहेजा निर्वाणा 3' में पहली बार रायपुर में मिनी वाटर पार्क जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, लैंडस्केप्ड गार्डन्स, स्विमिंग पूल, मिनी थियेटर, क्लब हाउस, ओपन जिम, योगा गार्डन और इनडोर-आउटडोर गेम्स जैसी सुविधाएं भी प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर संजय रहेजा ने कहा कि इस तीन दिवसीय लांचिंग कार्यक्रम में ग्राहकों का शानदार रिस्पांस मिला। हमें गर्व है कि हम अपने ग्राहकों को हमेशा क्वालिटी प्रोडक्ट्स और समय पर डिलीवरी का वादा निभाते हैं। पहले और दूसरे फेज के बाद, तीसरे फेज को भी ग्राहकों ने खूब सराहा है।

## प्रीमियम अपार्टमेंट प्रोजेक्ट 'अविनाश नियोपोलिस' को मिला शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** मध्य भारत की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप ने शनिवार को अपने प्रीमियम अपार्टमेंट प्रोजेक्ट 'अविनाश नियोपोलिस' के दो दिवसीय लांचिंग कार्यक्रम के अंतिम दिन भी लोगों का शानदार रिस्पांस मिला। लोगों ने साइट विजिट कर स्पॉट बुकिंग की। लोगों ने शहर के बीच प्राइम लोकेशन भाठागांव में स्थित इस प्रोजेक्ट को काफी पसंद किया। इस प्रोजेक्ट में 3 और 4 बीएचके प्रीमियम अपार्टमेंट और लिमिटेड एडिशन पेंट हाउस का विकल्प उपलब्ध होगा। यह प्रोजेक्ट पांच ब्लॉक टॉवर्स और लगभग 400 अपार्टमेंट्स के साथ आएगा, जिसमें शानदार पेंट हाउस भी शामिल है। प्रोजेक्ट की लोकेशन भाठागांव के केंद्रीय क्षेत्र में उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के पास स्थित है। इस प्रोजेक्ट में सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। यहां क्लब हाउस, दो कवर किए गए बैडमिंटन कोर्ट्स, बैंक्वेट हॉल, इंडोर गेम्स, जिम, टेबल टेनिस, पूल टेबल, बोर्ड गेम्स, स्विमिंग पूल, मंदिर, मल्टीपर्पज लॉन, मल्टीपर्पज कोर्ट, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, सीटिंग एरिया, नेट क्रिकेट के साथ अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। अविनाश ग्रुप के एमडी आनंद सिंघानिया ने कहा कि अविनाश नियोपोलिस की खास बात इसका प्राइम लोकेशन और लक्जरी सेगमेंट है। यहां की लाइफस्टाइल और अमेनिटीज अपने आप में यूनिक हैं। इस प्रोजेक्ट की कनेक्टिविटी भी बेहतरीन है, क्योंकि यह बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हॉस्पिटल्स, मॉल्स, स्कूल और मार्केट के पास स्थित है। साथ ही, एयरपोर्ट और हाईवे से इसकी शानदार कनेक्टिविटी इसे निवेशकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाती है।

## एसआरयू के नए मेडिकल कॉलेज भवन और दो छात्रावासों का उद्घाटन, व्हाइट कोट सेलेमनी भी



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, पचेड़ा, नवा रायपुर में रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नए मेडिकल कॉलेज भवन और दो छात्रावासों का उद्घाटन किया। साथ ही वाइट कोट सेरेमनी का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रविशंकर जी महाराज और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सानिध्य में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के प्रथम बैच के 150 छात्रों को वाइट कोट प्रदान किया गया। इसके साथ ही 'महर्षि चरक शपथ' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक इन्द्र कुमार साहू, डॉ. जे.के. उपाध्याय और एस.एस. बजाज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ऑस्ट्रेलिया ने की बराबरी, दोनों पारियों में एक दिन के बराबर नहीं खेल सका भारत

## 10 विकेट से कंगारुओं ने जीता मैच श्रृंखला 1-1 से बराबर

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी | स्कोर बोर्ड | भारत : 180/10, 175/10 ऑस्ट्रेलिया : 337/10, 19/0 | मैच में 81 ओवर ही बल्लेबाजी कर सकी भारतीय टीम

एजेंसी ▸▸ एडिलेड

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 'गुलाबी गेंद' से खेले गए दूसरे टेस्ट मैच को 10 विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को तीसरे दिन पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारतीय बल्लेबाज इस मैच की दोनों पारियों में सिर्फ 81 ओवर ही बल्लेबाजी कर सके। ऑस्ट्रेलिया ने महज सात सत्र के अंदर जीत दर्ज की जो गेंदों के हिसाब से भारत के खिलाफ उसका सबसे छोटा टेस्ट मैच है। इस मैच में संभावित 2700 गेंदों में से महज 1031 गेंदें डाली गईं। टेस्ट मैच में एक दिन में आधिकारिक तौर पर 90 ओवर गेंदबाजी करने का प्रावधान है। ऐसे में भारत अपनी दोनों पारी को मिलाकर एक दिन भी नहीं टिक पाया।

भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 128 रन से करते हुए पहले ओवर में ही ऋषभ पंत (28) का विकेट गंवा दिया। नीतीश कुमार रेड्डी (42) के पहली पारी की तरह दूसरी पारी में शानदार जज्बा दिखाकर टीम का स्कोर 175 रन पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी से भारत पारी की हार टालने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद जीत के लिए 19 रन के लक्ष्य को हासिल करने की औपचारिकता सिर्फ 3.2 ओवर में पूरी कर यादगार जीत दर्ज की। भारत की दूसरी पारी केवल 36.5 ओवर तक चली।



### कमिंस ने शॉर्ट बॉल का खोला 'पंजा'



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कप्तान पैट कमिंस ने शॉर्ट बॉल का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए 57 रन देकर पांच विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड (तीन विकेट) ने पारी की शुरुआती में विकेट झटके जबकि मिशेल स्टार्क (दो विकेट) ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों का दबदबा ऐसा था कि कमिंस को दूसरी पारी में मिशेल मार्श और नाथन लियोन की भी जरूरत नहीं पड़ी। टीम के विशेषज्ञ स्पिनर और हरफनमौला ने पूरे मैच में केवल पांच ओवर फेंके।

### रोहित-कोहली फेल



भारत को इस मैच की दोनों पारियों में सबसे ज्यादा निराशा अनुभवी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजी से हुई। यह दोनों बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का सामना करने में विफल रहे। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला।

### गुलाबी गेंद से हारी भारतीय टीम

*भारतीय टीम गुलाबी बॉल की स्विंग और एक्स्ट्रॉ बाउंस से मात खा गए। पहले दिन बॉल 1.6 डिग्री तक स्विंग कर रही थी। ऐसे में भारतीय टीम पहले दिन के शुरुआती 2 सेशन में ही ढेर हो गई। रोहित ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कप्तान की जगह ओपन करने उतरे केएल राहुल और विराट कोहली एक ही तरीके से आउट हुए। दोनों को मिचेल स्टार्क ने पवेलियन भेजा। भारतीय बैटर्स ऑफ स्टंप से बाहर की ओर स्विंग लेती उछाल भरी बॉल पर कैच आउट हुए। अन्य बल्लेबाज भी पिंक बॉल की एक्ट्रा स्विंग और बाउंस का सामना नहीं कर सके। एक समय भारत का स्कोर 71/1 था। फिर अगले 10 रन बनाने में राहुल, विराट और गिल के विकेट गंवा दिए।*



ट्रैविस हेड बने प्लेयर ऑफ द मैच

### शमी की वापसी पर संदेह गेंदबाज के घुटने में सूजन

मोहम्मद शमी की टेस्ट मैदान में बहुप्रतीक्षित वापसी में और देरी हो सकती है क्योंकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बताया कि मुश्ताक अली ट्रॉफी के सात मैच खेलने के बाद सीनियर तेज गेंदबाज के घुटने में एक बार फिर सूजन आ गई है।



शमी की 'फ्लेइंग किट' और ऑस्ट्रेलियाई वीजा तैयार माना जा रहा है और उन्हें जल्द से जल्द उड़ान भरनी थी। लेकिन रोहित की मैच के बाद की टिप्पणियों के बाद उनके ऑस्ट्रेलिया जाने पर संदेह के बादल छा गए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या शमी की वापसी की संभावना है तो भारतीय कप्तान ने अपने जवाब में सतर्कता बरती।

### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का कैरी बो बोलैंड | 24 | 31 | 4 | 0 |
| राहुल का कैरी बो कमिंस | 07 | 10 | 1 | 0 |
| शुभमन गिल बो स्टार्क | 28 | 30 | 3 | 0 |
| कोहली का कैरी बो बोलैंड | 11 | 21 | 1 | 0 |
| पंत का स्मिथ बो स्टार्क | 28 | 31 | 5 | 0 |
| रोहित शर्मा बो कमिंस | 06 | 15 | 1 | 0 |
| रेड्डी का मैकस्वीनी बो कमिंस | 42 | 47 | 6 | 1 |
| अश्विन का कैरी बो कमिंस | 07 | 14 | 0 | 0 |
| राणा का ख्वाजा बो कमिंस | 00 | 12 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 02 | 05 | 0 | 0 |
| सिराज का हेड बो बोलैंड | 07 | 08 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 36.5 ओवर में 175/10गेंदबाजी : स्टार्क 14-1-60-2, कमिंस 14-0-56-5, बोलैंड 8.5-0-51-3.

## खबर संक्षेप



### आखिरी मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे : रिचा

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दूसरे वनडे में 122 रन से मिली हार के बाद भारतीय बल्लेबाज रिचा घोष ने स्वीकार किया कि टीम से फील्डिंग में खास तौर पर गलतियां हुई है लेकिन पर्थ में आखिरी मैच में इससे सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे मैच से पहले ही पता चला कि पारी की शुरुआत करना है। मैं हमेशा हर क्रम पर खेलने के लिए मानसिक तौर पर तैयार रहती हूं और मेरा काम टीम के लिये योगदान देना ही रहता है। जो मुझे आता है, वह मैदान पर देना चाहती हूं।'

### अनसोल्ड खिलाड़ियों पर पीएसएल की नजर



**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग के फ्रेंचाइजी मालिकों ने अपने देश के क्रिकेट बोर्ड को उन विदेशी खिलाड़ियों की सूची सौंपी है जो हाल में इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में नहीं बिक पाए थे। फ्रेंचाइजी चाहती है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आगामी नीलामी के लिए इन खिलाड़ियों को अपने ड्राफ्ट में शामिल करे। अगले साल होने वाले आईपीएल और पीएसएल के कार्यक्रम में पहली बार टकराव होने की संभावना है।

### भारत में होने वाले मैचों से परहेज करे पीसीबी

**कराची।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सलाह दी है कि जब तक भारत अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने पर सहमत नहीं हो जाता तब तक वह आईसीसी टूर्नामेंट सहित किसी भी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम को भारत भेजने से परहेज करे। कराची कला परिषद में आयोजित उर्दू सम्मेलन में अफरीदी ने पीसीबी से भारत के साथ क्रिकेट संबंधों पर कड़ा रुख अपनाने की वकालत करते हुए कहा कि पाकिस्तान को मजबूत निर्णय लेने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च के बीच पाकिस्तान में होने वाली है।

### होटल में समय बर्बाद नहीं करें: गावस्कर

**एडिलेड।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत से गुलाबी गेंद के टेस्ट के जल्दी खत्म होने के बाद अपने होटल के कमरों में समय बर्बाद नहीं करने और दो अतिरिक्त दिनों का उपयोग अभ्यास में पसीना बहाकर करने का आग्रह किया है ताकि वे तीसरे मैच में वापसी कर सकें। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हार से भारत की कमजोरी पूरी तरह उजागर हो गई। मैच ढाई दिन से भी कम समय में समाप्त हो गया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।



भारत को 122 रन से हराया

## ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का वनडे श्रृंखला पर कब्जा



एजेंसी ▸▸ ब्रिसबेन

जॉर्जिया वोल और एलिसे पैरी के शतकों की मदद से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 122 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

अपना दूसरा एकदिवसीय खेल रही युवा बल्लेबाज वोल महज 87 गेंद में 101 रन की पारी के साथ करियर का पहला शतक जड़ने में सफल रही जबकि पैरी ने 75 गेंद में 105 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर आठ विकेट पर 371 रन बनाए जो भारत के खिलाफ उसका सबसे बड़ा स्कोर है। टीम ने इसके बाद भारत की पारी को 45.5 ओवर में 249 रन पर समेट कर आसान जीत दर्ज की।

## अंडर-19 एशिया कप : बांग्लादेश से फाइनल में हारी भारतीय टीम



**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज रविवार को अंडर-19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन का फायदा नहीं उठा सके जिससे टीम को बांग्लादेश से 59 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 49.1 ओवर में मात्र 198 रन पर रोक दिया। भारतीय टीम 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 35.2 ओवर में 139 रन पर ढेर हो गई।

## 'हेड ने झूठ कहा', मुझे अपशब्द कहे : सिराज

**एडिलेड।** एडिलेड डे नाइट टेस्ट के दौरान जो चीज सबसे ज्यादा चर्चा में रही, वह है मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड का भिड़ना। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान हेड को आउट करने के बाद सिराज ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था, जिससे हेड खुश नहीं दिखे थे और उन्होंने कुछ शब्द कहे। इस पर सिराज ने उन्हें जाने का इशारा किया था। सिराज ने दावा किया कि हेड झूठ बोल रहे थे। सिराज ने जोर देकर कहा कि भारतीय टीम हर खिलाड़ी का सम्मान करती है और उन्होंने इस विवाद को पहले बढ़ावा नही दिया था। तेज गेंदबाज ने कहा कि हेड ने ही उन्हें अपशब्द कहे और इसी वजह से उन्हें इतना आक्रामक अंदाज अपनाना पड़ा था। उन्होंने कहा, 'मुझे हेड को गेंदबाजी करने में मजा आ रहा था। यह एक अच्छी लड़ाई थी क्योंकि उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। जब कोई बल्लेबाज आपको अच्छी गेंद पर छक्का मारता है, तो बुरा लगता है। इससे मुझे एक ऊर्जा मिली। उन्हें आउट करने के बाद मैंने जश्न मनाया। फिर उन्होंने मुझे गालियां दीं। आप टीवी पर भी देख सकते हैं।



### छेत्री हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने शनिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया और लीग के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। छेत्री की हैट्रिक से बेंगलुरू एफसी ने केरला ब्लास्टर्स पर 4-2 से जीत दर्ज की। छेत्री 40 साल और 126 दिन की उम्र में आईएसएल के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इससे उन्होंने बार्थोलोम्यू ओगबेचे को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने जनवरी 2023 में एफसी गोवा के खिलाफ हैदराबाद एफसी के लिए 38 साल और 96 दिन की उम्र में यह कारनामा किया था। इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले पूर्व भारतीय कप्तान छेत्री ने आठवें, 73वें और 90+8वें मिनट में गोल किए जबकि रेयान विलियम्स ने टीम के लिए 38वें मिनट में दूसरा गोल किया।

## गुकेश ने 11वीं बाजी में लिरेन को हराया, बनाई एक अंक की बढ़त

एजेंसी ▸▸ सिंगापुर



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और रविवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर एक अंक की बढ़त बना ली।

■ विश्व शतरंज चैंपियनशिप : चैंपियन बनने से डेढ़ अंक पीछे गुकेश

क्लासिकल प्रारूप में खेली जा रही इस 14 दौर की प्रतियोगिता में अब केवल तीन बाजियां खेली जानी बाकी हैं। भारतीय खिलाड़ी के इस जीत से छह अंक हो गए हैं जबकि चीन के खिलाड़ी के पांच अंक हैं। जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा, वह विश्व चैंपियनशिप का विजेता बन जाएगा। इस तरह से यह जीत 18 वर्षीय गुकेश के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। गुकेश और लिरेन दोनों पर समय का दबाव था। चीन के खिलाड़ी ने इस दबाव में गलतियां की जिसका फायदा उठाकर गुकेश ने प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की। गुकेश की जीत लगातार सात और कुल मिलाकर आठ ड्रॉ के बाद आई है।

## इंग्लैंड ने बनाई 2-0 की बढ़त न्यूजीलैंड को 323 रन से रौंदा

रूट का 36 वां टेस्ट शतक

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन



इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 323 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन की शुरुआत में आधे घंटे बल्लेबाजी की जिस दौरान दिग्गज जो रूट (106) ने अपने करियर का 36 वां टेस्ट शतक पूरा किया। पहली पारी में 155 रन बढ़त लेने वाली टीम ने छह विकेट पर 427 रन पर पारी घोषित कर न्यूजीलैंड को जीत के लिए 583 रन का लक्ष्य दिया।

जीत के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल (115) की शतकीय पारी के बावजूद 259 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच आठ विकेट से जीता था। दूसरे टेस्ट में जीत के साथ उसने न्यूजीलैंड में 2008 के बाद पहली बार टेस्ट श्रृंखला में जीत का स्वाद चखा। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट शनिवार से खेला जाएगा। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 280 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 125 रन पर आउट कर दिया था।

### देवजीत संभालेंगे बीसीसीआई सचिव की जिम्मेदारी : बिन्नी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने देवजीत सैकिया को बोर्ड का कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। वह जय शाह की जगह बीसीसीआई का कामकाज संभालेंगे। बता दें कि, एक दिसंबर को जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नए अध्यक्ष का पदभार संभाला था। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए देवजीत सैकिया को कार्यवाहक सचिव नियुक्त किया है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, जब तक स्थाई सचिव की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक कार्यवाहक सचिव बोर्ड की जिम्मेदारी संभाल सकता है। यह एक अस्थाई व्यवस्था है। असम के रहने वाले सैकिया पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। वह फिलहाल बीसीसीआई के संयुक्त सचिव हैं।

### भारत मार्च से शुरू करेगा क्वालीफायर की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारी 14 मार्च से राष्ट्रीय शिविर के साथ शुरू करेगी। भारत के कोच मनोलो मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे को 'लंबे शिविर' का प्रस्ताव दिया।

फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY
में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है
किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

## तनीषा-अश्विनी और सतीश ने जीता गुवाहाटी मास्टर्स खिताब

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी



भारतीय खिलाड़ी सतीश करुणाकरन ने रविवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल ट्रॉफी अपने नाम की। महिला युगल जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा ने भी फाइनल में चीन की ली हुआ झोउ और वांग जी मेंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर अपना खिताब बरकरार रखा।

2023 ओडिशा ओपन सुपर 100 चैंपियन सतीश ने चीन के झु जुआन चेन को 44 मिनट में 21-17, 21-14 से हराकर भारत को दूसरा खिताब दिलाया। पेरिस ओलंपिक में भी भाग लेने वाली तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 43 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में ली और वांग को 21-18, 21-12 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब अपने पहले सुपर 100 खिताब के करीब पहुंचने के बावजूद महिला एकल फाइनल में चीन की काई यान यान से 21-14, 13-21, 19-21 से हार गईं और उपविजेता रहीं।

### पैलेस ने सिटी को बराबरी पर रोका यूनाइटेड को मिली हार

**लंदन।** क्रिस्टल पैलेस ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में मैनचेस्टर सिटी को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया जिससे चार बार की गत चैंपियन के लिए खिताब का बचाव करना मुश्किल होगा। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। सिटी ने बुधवार को नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराकर सात मैचों के बाद पहली जीत दर्ज की थी लेकिन इस ड्रॉ मुकाबले के साथ उसे अंक साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सिटी की टीम मैच में दो बार पिछड़ रही थी लेकिन एर्लिंग हालैंड और रिको लुइस के गोल से टीम वापसी करने में सफल रही। क्रिस्टल पैलेस के लिए डेनियल मुनोज और मेक्सेंस लेकरोइक्स ने गोल किए। इस ड्रॉ मैच के बाद पेप गार्डियोला की टीम तालिका में चौथे स्थान पर है और शीर्ष पर काबिज लिवरपूल से आठ अंक पीछे हैं।




# कभी स्मारकों से थी पहचान, आज है दिल्ली का सबसे अमीर गांव


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गांव का नाम दिमाग में आते ही सबके मन में देशी पृष्ठभूमि की तस्वीर उभर कर सामने आती हैं लेकिन आज हम आपको राजधानी दिल्ली के एक ऐसे गांव के बारे में जानकारी देंगे, जो अपनी अनूठी शान और खासियत की वजह से हमेशा सुर्खियों में रहा है। "हौज खास विलेज" नाम के इस गांव को दिल्ली का सबसे अमीर गांव माना जाता है। दिल्ली का यह गांव अपने आप में इतिहास की कई सुनहरी यादों को समेटे हुए है।

## जलाशय के कारण नाम पड़ा हौज खास

मुग़ल काल में अलाउद्दीन खिलजी ने यहां पानी की आपूर्ति के लिए एक जलाशय बनवाया था। उसके नाम पर ही यह गांव हौज खास विलेज के नाम से प्रसिद्ध हुआ था। यह गांव दिल्ली के अस्तित्व से पहले ही मौजूद था लेकिन 1980 के बाद इस गांव में लगातार बदलाव होते रहे और यह हौज खास विलेज के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब रहा।






## युवाओं की पहली पसंद बना गांव

हौज खास विलेज के निवासियों ने कहा कि वे यहां 35 सालों से रह रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि यह गांव किसी समय स्मारकों के लिए प्रसिद्ध था लेकिन बाद में यहां क्लब्स, रेस्टोरेंट्स और आर्ट गैलरीज की बढ़ती लोकप्रियता के साथ युवाओं की पहली पसंद बन गया है। वर्तमान में इस गांव में आपको 50 के करीब क्लब्स और लांच पार्टियों के स्थल देखने को मिलेंगे।

## सबसे लंबे नाखूनों वाली महिला का निधन, किताब के एक पेज के बराबर था एक-एक नाखून



**न्यूयार्क।** दुनिया के सबसे लंबे नाखूनों का विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली अमेरिका की लुईस हॉलिस का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन का कारण तो अभी सामने नहीं आया है, लेकिन जब साल 1991 में रिकॉर्ड के लिए उनके हाथ-पैरों के नाखूनों को मापा गया तो सभी नाखूनों की संयुक्त लंबाई 220.98 सेमी (87 इंच) थी। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने बताया था कि उनके प्रत्येक नाखून की लंबाई किताब के एक पेज के बराबर थी। लुईस ने साल 1981 में अपने नाखून बढ़ाने शुरू किए थे। वह टीवी पर सबसे लंबे नाखूनों वाले एक कार्यक्रम को देखने के बाद अपने नाखून बढ़ाने के लिए प्रेरित हुई और उन्होंने अपने नाखूनों को बढ़ाना भी शुरू कर दिया।

## सर्प के काटने से साधना में लीन बाबा की मौत



**मैनपुर (हरिभूमि न्यूज)।** विकासखण्ड के ग्राम कांदाडोंगर के शिव मंदिर में साधना कर रहे 25 वर्षीय बालब्रह्मचारी बाबा की मौत सांप के काटने से हो गई। वे पिछले 21 दिनों से तपस्या में लीन थे। इस दौरान उन्होंने किसी से बात न करने का निर्देश दिया था। उनके साथ रहने वाले दो अनुयायियों ने सिर्फ सांप की पूंछ देखी, लेकिन तत्काल कोई मदद नहीं मिल सकी। बाबा को रात में ही अमलीपदर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बाबा मूल रूप से सराईपानी के निवासी थे। इस संबंध में डॉक्टर इंद्र जितेन्द्र भरतद्वाज ने पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों के खुलासा होने की बात कही है।




**रहस्य**

**झील सैकड़ों लोगों को मौत का शिकार बना चुकी**

# हरियाणा की खूनी झील, जहां से जिंदा बचकर आना मुश्किल

कहते हैं कि प्राकृतिक चीजें जैसे पहाड़, झील, झरनें और घने जंगल दूर से देखने में जितने मनमोहक लगते हैं, इनकी नजदीकी भी उतनी ही खतरनाक होती है। कुछ ऐसा ही नजारा है खुबसूरत दिखने वाली अरावली की पहाड़ियों में जहां एक ऐसी झील है जो लोगों के खून की प्यासी है।



एजेंसी ▶▶| फरीदाबाद

इस झील की रहस्यमई कहानी सुनकर आज भी लोगों के रौंगटे खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग इसे कुदरत का करिश्मा मानते हैं तो कुछ इसे अभिशाप की संज्ञा भी दे रहे हैं।

**सैकड़ों लोगों को शिकार बना चुकी डेथ वैली :** अरावली की हसीन वादियों में बसी यह झील सैकड़ों लोगों को मौत का शिकार बना चुकी है। झील में होने वाली इन मौतों का रहस्य आज तक किसी की समझ में नहीं आया है इसलिए यह झील डेथ वैली के नाम से मशहूर हो गई है। इस झील में एक बार जो इस झील के भीतर एंट्री कर लेता है, उसका जिंदा लौटकर आना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जाता है।



## अचानक बनकर उभरी झील

खूनी झील के नाम से मशहूर हो चुकी यह झील 7 खदानों का एक संग्रह है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि साल 1990 तक अरावली पर्वत श्रृंखला में धड़ल्ले से खनन हो रहा था लेकिन प्रदेश सरकार ने साल 1991 में खनन पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद फरीदाबाद- गुरुग्राम सड़क मार्ग के साथ लगती आधा दर्जन से अधिक खदानें भूजल को छू गई और यहां प्राकृतिक रूप से नीले रंग के पानी का फव्वारा छूट गया जो धीरे- धीरे एक विशालकाय झील का आकार धारण कर गई।

## प्रतिबंध के बावजूद लोग जाते हैं वहां, होते हैं शिकार

इस झील में नहाने पर फरीदाबाद जिला प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन यहां आने वाले पर्यटक इस आदेश को नजरंदाज करते हुए झील में तैरने उतर जाते हैं। खासकर गर्मी के मौसम में यहां लोगों की भीड़ और ज्यादा बढ़ जाती है और कभी कोई झील में नहाने के दौरान मौत का शिकार हो जाता है तो कोई सेल्फी लेने के चक्कर में इसमें गिरकर अपनी जान गंवा देता है। 1991 में खनन बंद होने के बाद अब तक 100 से भी ज्यादा लोग इस झील में डूबकर अपनी जान गंवा चुके हैं।







Toll Free Number: 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. *Terms & Conditions Apply.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922356, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहूजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 96931058752 /6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, बरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7423587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305587651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983

FCB INTERFACE/4059/DEC2024/ENGLISH

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com